हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




# 'दुनिया' में योग

**15** हजार फीट की बर्फीली ऊंचाई से लेकर समंदर के बीच भी 'योग'



योग की मुद्राएं





## डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में किया योग

# कहा-योग से इस वर्ष श्री अन्न को भी जोड़ा गया

आत्मा का चेतना से जुड़ाव और हमारे खान-पान, रहन-सहन और आचार-विचार से भी योग का संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग का अर्थ जुड़ाव है। मन और आत्मा का जुड़ाव। आत्मा का चेतना से जुड़ाव और हमारे खान-पान, रहन-सहन और आचार-विचार से भी योग का संबंध है। इस नाते योग से इस वर्ष श्री अन्न को भी जोड़ा गया है। योग को लोकप्रिय बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ में योग दिवस का प्रस्ताव रखा। इसे सर्वानुमति से सभी राष्ट्रों ने स्वीकार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योगभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया।

### हजारों साल से चली आ रही आहार शैली को अपनाने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अन्न को अपनाने की जरूरत है। इसके लिए भारत की उज्जवल, गरिमापूर्ण, गौरवपूर्ण संस्कृति और हजारों साल से चली आ रही आहार शैली को भी समर्थन था। शारीरिक दक्षता के लिए जहां योग की जरूरत है, वहीं आहार भी जरूरी है। हम सौभाग्यशाली हैं कि भारतीय आहार शैली को फिर से लोकप्रिय बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पूजा पद्धति में गेहूं का स्थान नहीं है, बल्कि चावल और अन्य मोटे अनाज उपयोग में लाए जाते हैं। यह सनातन संस्कृति का हिस्सा है। योग की अलग-अलग पद्धतियां रही हैं। समय-समय पर महान योगाचार्य हुए हैं। वैदिक काल से लेकर पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं। इसमें ध्यान, धारणा और समाधि आदि समाहित हैं। आज योग पूरी दुनिया में फैल गया है।

> धरती के स्वर्ग कश्मीर में पीएम मोदी ने किया योग, बोले दुनिया मानती है योग की शक्ति

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जल-थल-नभ में भारतीयों ने किया योग, विश्व के सभी देशों में मनाया योग दिवस

### योगाभ्यास के बाद पीएम लोगों से मिले... ली सेल्फी, दुनिया को दी योग दिवस की बधाई

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर के शेर-ए कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में योगाभ्यास किया। इसके बाद प्रधानमंत्री योग से जुड़े लोगों से मिले। उनके साथ सेल्फी खिंचवाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर लोग उत्साह में नजर आए, लोगों ने ताली बजाकर उनका अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया योग की शक्ति को मानती है।





लद्दाख



भारतीय सेना



जहाज में योग

### बारिश के चलते बदलना पड़ा समारोह स्थल


डल झील के किनारे स्थित एसकेआईसीसी (शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र) के परिसर में पहले मुख्य समारोह का आयोजन होना तय था। लेकिन सुबह हुई तेज बारिश के चलते कार्यक्रम को एसकेआईसीसी के हॉल में शिफ्ट किया गया। ऐसे में कार्यक्रम करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। हालांकि, समारोह के शुरू होने के साथ ही कुदरत भी मेहरबान हुई और बारिश रुकी। इसके बाद डल झील के किनारे उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ योग कर यादगार पलों के साक्षी बने।

जवानों का दिखा उत्साह

### आईटीबीपी के जवानों ने सिक्किम में 15,000 फीट उंचाई पर किया योग

*लेह के पैंगोंग त्सो में आईटीबीपी के जवानों ने योग किया। आईटीबीपी के जवानों ने सिक्किम के मुगुथांग सब सेक्टर में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर योग किया। भारतीय सेना के जवानों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 पर उत्तरी सीमा पर बर्फीली ऊंचाइयों पर योग किया। सेना के जवानों ने पूर्वी लद्दाख में भी योग किया।*

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने पूसा परिसर में किया योग



### कहा- योग संपूर्ण जीवन जीने की कला और विज्ञान

*केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूसा परिसर नई दिल्ली में आयोजित सामूहिक योगभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। शिवराज ने कहा कि योग एक सुखी स्वस्थ और संपूर्ण जीवन जीने की कला और विज्ञान है। योग भारत की अभूतपूर्व देन है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालने के बाद योग को दुनिया में प्रतिष्ठित किया।*

## मप्र में नर्सिंग अनियमितता में सरकार की बड़ी कार्रवाई

# तत्कालीन रजिस्ट्रार मप्र नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल सुनीता शिजू सेवा से 'बर्खास्त'



नर्सिंग काउंसिल में पदस्थ रहने के दौरान उन्होंने विभिन्न अपात्र नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने की जांच में गड़बड़ी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने नर्सिंग अनियमितता मामले में पहली बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने तत्कालीन रजिस्ट्रार मप्र नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल श्रीमती सुनीता शिजू को सेवा से बर्खास्त कर दिया। इन पर कई अनियमित कॉलेजों को मान्यता देने का आरोप था। सरकार ने कहा कि श्रीमती शिजू ने पदेन कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया। इस आधार पर यह निर्णय लिया गया है।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्सिंग संस्थाओं में अनियमितता के मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में विभाग की ओर से सघन जांच कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल ने श्रीमती सुनीता शिजू तत्कालीन रजिस्ट्रार मप्र नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउसिंल एवं वर्तमान स्टॉफ नर्स, चिकित्सा महाविद्यालय दतिया को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने का आदेश किया है। नर्सिंग काउंसिल में पदस्थ रहने के दौरान उन्होंने विभिन्न अपात्र नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने की जांच में गड़बड़ी की। श्रीमती शिजू मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल में रजिस्ट्रार के पद पर 22 सितंबर 2021 से 24 अगस्त 2022 तक पदस्थ थीं।

### प्रकरण अत्यंत गंभीर प्रवृति का होने की वजह से कार्रवाई

चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के अधिष्ठाता (डीन) ने पिछले वर्ष 20 जुलाई को आरोप पत्र तथा 4 अगस्त को अतिरिक्त अधिरोपित आरोप पत्र श्रीमती शिजू को जारी किया था। प्रकरण अत्यंत गंभीर प्रवृति का होने के कारण कार्यालय अधिष्ठाता गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल ने विभागीय जांच संस्थित की। जांच में श्रीमती सुनीता शिजू ने पदस्थी अवधि के दौरान गंभीर अनियमितताएं की। इस कृत्य के कारण प्रदेश में कई नर्सिंग संस्थाओं की गलत मान्यताएं जारी करने से प्रवेशरत छात्र-छात्राओं का भविष्य संकटपूर्ण हुआ तथा प्रदेश की नर्सिंग शिक्षा व्यवस्था की छवि धूमिल हुई।

## इंदौर सहित चार शहरों में स्टेट जीएसटी के छापे

### आठ रियल एस्टेट कारोबारियों के यहां 5 करोड़ की टैक्स चोरी



◆ स्टेट जीएसटी की टीम ने राजधानी भोपाल में भी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मप्र में स्टेट जीएसटी की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। प्रदेश के कई शहरों में कॉलोनाइजरों और 8 रियल एस्टेट कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा गया है। प्रदेश के चार शहरों में यह कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी इंदौर, राजधानी भोपाल सहित जबलपुर और सागर में स्टेट जीएसटी के छापे मारे गए हैं।

चार शहरों में आठ रियल एस्टेट कारोबारियों से 5 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। जीएसटी एंटी एवीजन ब्यूरो के अफसरों ने ये कार्रवाई की है। इंदौर के आठ कारोबारियों और कंपनियों के कर्मचारियों के मोबाइल तथा लैपटॉप जब्त कर लेन-देन के दस्तावेज और डेटा खंगाले। विभाग को इन कारोबारियों के यहां टैक्स चोरी की जानकारी लगी थी। जिसके बाद टीम छानबीन में जुट गई।

## नीट परीक्षा को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदेशव्यापी आंदोलन

# दिग्विजय बोले- इसमें 12 लाख हिंदू बच्चों के साथ अन्याय, संघ कुछ करेगा?

जीतू पटवारी ने कहा-जो इस अराजकता का जिम्मेदार उसी को जांच का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीट परीक्षा,नर्सिंग घोटाले सहित अन्य परीक्षाओं में हुई कथित धांधली को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश व्यापी आंदोलन किया। भोपाल से लेकर जबलपुर और उज्जैन समेत कई शहरों में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे।

भोपाल में कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत कई नेता शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा- नीट




जैसी परीक्षा में हो रहे घोटाले से 12 लाख से ज्यादा हिंदू परिवारों के बच्चों के साथ अन्याय हुआ है। क्या संघ प्रमुख मोहन भागवत इस मामले में कुछ करेंगे? नेट एग्जाम में जब शिकायत आई तो उसे कैंसिल कर दिया। लेकिन, नीट में साढ़े चौदह लाख बच्चों का भविष्य निर्भर है, उसे रद्द नहीं किया। एनटीए के चेयरमैन को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। इधर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि हास्यास्पद यह है कि नीट के पेपर लीक कांड की जांच के लिए उन्हीं प्रदीप जोशी को जांच समिति का अध्यक्ष बना दिया। यानि जो इस अराजकता का जिम्मेदार है वही व्यक्ति इस पेपर लीक कांड की जांच करेगा। प्रदर्शन प्रदेश सहप्रभारी सीपी मित्तल, मुकेश नायक, पीसी शर्मा, जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।









देशभर में रही योग की धूम, आमजन ने भी किया योग

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक लोगों ने किया योग शीर्ष नेताओं से लेकर सेलेब्रिटी भी रहे शामिल

शुक्रवार को देश सहित पूरी दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय योग मनाया। भारत का संदेश पूरी दुनिया ने माना और हमारी प्राचीन सभ्यता और योग पद्धति को पूरी दुनिया ने अपनाया। सभी ने योग कर निरोगी रहने के लिए विभिन्न मुद्राओं में आसन किए। देशभर में योग दिवस को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर देशभर में योग की धूम रही। भारत की इस पुरानी परंपरा को संपूर्ण दुनिया ने आत्मसात किया और लोगों को इसके फायदे के बारे में भी बताया। इस योग से बड़े- बड़े रोग भी ठीक हो जाते हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर के राज्यों के अलग-अलग भागों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। देश के पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर कश्मीर और कन्याकुमारी तक लोग योग के रंग में रंगे नजर आए। भारत से निकली योग की अलख अब पूरे विश्व में फैल चुकी है। 21 जून को अंतराऱाष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पूरा देश एक बार फिर योग के रंग में रंग गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री तक ने योग किया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योग करने से पहले ध्यान लगाया।

बता दें कि 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था, तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है। अंतराराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के अलग-अलग भागों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत समेत पूरे विश्व में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में योग किया। मुर्मू ने कहा कि योग, मानवता को भारत का अनूठा उपहार है, साथ ही आज के वक्त में जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं में वृद्धि के कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मुर्मू ने राष्ट्रपति सचिवालय के अन्य अधिकारियों के साथ यहां राष्ट्रपति भवन में योग किया।





10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### केंद्रीय मंत्रियों और राज्यपालों ने भी किया योगाभ्यास



**आगरा।** आगरा के एकलव्य स्टेडियम में भी योग का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ जिले के तमाम अधिकारी शामिल हुए। इनके साथ अनेक लोगों ने एक साथ भाग लिया।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी योग दिवस सेलिब्रेट किया

## कंगना से शिल्पा शेट्टी तक सभी ने किए योग



**मुंबई।** इस मौके पर कुछ बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी अपनी योग करते हुए कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। ये योगा क्वीन खुद को फिट रखने के लिए योग को अपना रूटीन बना चुकी हैं।करीना कपूर भी योग से खुद को फिट रखने के लिए जानी जाती हैं। करीना ने योग करने के फायदे बताए हैं।बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने पति जैकी भगनानी संग योग की कुछ तस्वीरे शेयर की है। कंगना रनौत भी योग के जरिए खुद को फिट रखती हैं। अपने फैंस को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई भी दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें अलग-अलग तरह के योग करते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि फैंस और फॉलोअर्स हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए उन्हें अपना आइडल मानते हैं।

### बोस का स्कूली छात्रों के साथ योग



**कोलकाता।** राजभवन और शैक्षणिक संस्थानों में मनाया गया योग दिवस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शुक्रवार को अंतरारष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में स्कूली छात्रों और कई अधिकारियों के साथ योग सत्र में भाग लिया। विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के परिसर में भी योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भाग लिया।पश्चिम बंगाल के कई शैक्षणिक संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

### सीएम हिमंत ने किया योगाभ्यास



**गुवाहाटी।** असम में योग दिवस पूरे देश के साथ असम में भी शुक्रवार को उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लिया। सीएम हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ अन्य नेताओं ने सुबह से ही पूर्वोत्तर राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित योग कार्यक्रमों में भाग लिया।

### मणिपुर में मनाया गया योग दिवस




**इंफाल।** मणिपुर में इम्फाल स्थित राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों के साथ योग किया। राज्य के विभिन्न स्थानों पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### योगाभ्यास की मुद्रा में ये दिग्गज




केंद्रीय मंत्री नड्डा ने यमुना स्पोर्ट कांप्लेक्स में किया योग।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर नई दिल्ली में योग करते हुए।



दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह योग की मुद्रा में।



कोयंबटूर एयर फोर्स में योगाभ्यास करते जवान।



अहमदाबाद के गोटिला गार्डेन में गृहमंत्री अमित शाह ने किया योग।

## खबर संक्षेप

### जलगांव में पुलिस थाने पर पथराव, आगजनी

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में पुलिस थाने पर पथराव किया गया है। इस हमले में आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं। घटना जलगांव के जामनेर की बताई जा रही है। जांच में पता चला है कि कुछ दिन एक इलाके में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर इलाके के लोगों में गुस्सा था। बताया जा रहा है कि भीड़ ने गाड़ियों में आग भी लगा दी है।



### अधीर रंजन ने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र में एक बार फिर से तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन चुकी है। कांग्रेस का प्रदर्शन बीते दो लोकसभा चुनाव के मुकाबले सुधरा है। बंगाल में पार्टी का प्रदर्शन बुरा रहा है। इसके पहले खबर थी बंगाल में कांग्रेस पार्टी के बुरे प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए अधीर रंजन चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। अब अधीर रंजन ने खुद इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है।



### हाईटेंशन तारों के ऊपर लटकी 15 साल की लड़की

**लुधियाना।** लुधियाना रेलवे स्टेशन पर हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। यहां एक 15 साल की लड़की हाईटेंशन तारों के ऊपर फुट ओवरब्रिज से लटक गई। यह देखकर स्टेशन पर मौजूद लोग सकते में आ गए और लड़की को उतारने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह कभी एक छोर तो कभी दूसरे छोर पर जाकर लटकती रही। रेल अधिकारियों ने पावर सप्लाई बंद कर लड़की को उतारा और अस्पताल पहुंचाया।



### तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम में शराब ने ली जान

# मृतकों की संख्या बढ़कर हो गई 53, स्टालिन सरकार को विपक्ष ने घेरा, प्रदेशभर में हाहाकार

## तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड के बाद राज्यभर में आरोप-प्रत्यारोप बढ़े



मांगा सीएम का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ कल्लाकुरिची

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम में जहरीली शराब पीने से बीते गुरुवार रात कई और लोगों की जान चली गई। जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब 53 तक पहुंच गई है। पीड़ितों में 4महिलाएं और एक ट्रांसपर्सन शामिल हैं। ज्यादातर पीड़ित करुणापुरम के हैं। घटना के 100 से ज्यादा पीड़ितों का कल्लाकुरिची सरकारी मेडिकल कॉलेज के अलावा दूसरे अस्पतालों में इलाज जारी है।

सभी को सांस लेने में दिक्कत, अंधता और शरीर में तेज दर्द की शिकायतें हैं। स्टालिन सरकार की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। विपक्ष इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।



### अन्नामलाई ने कहा- सरकार की मिलीभगत से बनी अवैध शराब

राज्य सरकार ने घटना की सीआईटी जांच का आदेश दे चुकी है। अन्नामलाई ने राज्य की डीएमके सरकार पर शराब विक्रेताओं से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए अपने पत्र में कहा है कि पार्टी के लोगों के इशारे पर अवैध शराब बनाई और बेची जा रही है। उन्होंने पीड़ितों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने स्टालिन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की घोषणा की है।

### राज्य सरकार को मौतों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए: शशिकला

तमिलनाडु की पूर्व सीएम जयललिता की सहयोगी शशिकला ने कहा कि राज्य सरकार को मौतों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हर साल मौतें बढ़ रही हैं। जबकि एआईएडीएमके महासचिव पलानीस्वामी ने कहा कि करीब 200 लोग प्रभावित हैं, 133 का इलाज चल रहा है। उधर, पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि रामदास के आज कल्लाकुरिची मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### लोगों ने सीने में दर्द की शिकायत की

बाताया जा रहा है कि उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने के बाद कई लोगों को कल्लाकुरिची मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी ने सीने में दर्द की भी शिकायत की है।

### स्टालिन ने सख्त कार्रवाई का दिया भरोसा



कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से हुई मौतों पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दुख जताया और सख्त कार्रवाई की बात कही। घटना के उच्च स्तरीय जांच की भी बात सरकार ने कही है। मगर जनता में घटना को लेकर सरकार के प्रति रोष है। विपक्षी दल घटना की जिम्मेदारी लेते हुए स्टालिन सरकार से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं तो आम जनता भी अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने में असफल सरकार पर सवाल उठा रही है।

### 'नीट' ने पकड़ा तूल, तेजस्वी बोले

# मेरे पीएस को बुला ले, गलती की हो तो गिरफ्तार भी कर लें



एजेंसी ▶▶ पटना

नीट पेपर लीक को लेकर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का बड़ा बयान सामने आया है। इस मामले में उनके पर्सनल सेक्रेटरी का नाम सामने आने के बाद उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार बयानबाजी कर रही है।

अगर उनके पीएस ने किसी भी तरह का कोई गलत काम किया है तो उसे गिरफ्तार कर लो। अगर उसकी कोई गलती है तो मुझे उस पर कार्रवाई से कोई दिक्कत नहीं है। इसकं पहले सिकंदर और कुच अन्य आरोपियों ने पेपर लीक करने का आरोप कबूल कर लिया है।

### किंगपिन को बचा रही सरकार

तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम,पीएस सबको सीएम बुलाए और पूछताछ कर लें। ईओयू ने हमारे पीएम के संबंध में कुछ नहीं कहा है। ये तो सिर्फ विजय सिन्हा बोल रहे हैं लेकिन सीएम को मैं कहता हूं कि मेरे पीए को बुलाकर पूछताछ कर लें। तेजस्वी ने कहा कि सरकार किंगपिन को बचाना चाह रही है। इसलिए मामले को डाइवर्ट कर रहे हैं। तस्वीर सामने आई है सम्राट चौधरी के साथ आरोपी की। उस पर क्या बोलेंगे, बुला ले मेरे सहायक को और अगर गलती की है तो गिरफ्तार कर लें। हमको कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन मेरा नाम घसीटने से कुछ नहीं होगा।

### आरोपी सम्राट का करीबी: राजद बोली

नीट पेपर धांधली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के द्वारा तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम कुमार पर आरोप लगाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल ने सम्राट चौधरी पर सीधा आरोप लगाया है। राजद ने सोशल मीडिया पर एक फोटो को पोस्ट करते हुए लिखा है कि नीट परीक्षा पेपर लीक घोटाले का मुख्य आरोपी बिहार के उपमुख्यमंत्री के साथ। आरोपी के हाथों सम्मानित होने वाले तथाकथित ताकतवर मंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से उसके साथ अपनी सारी तस्वीरें डिलीट कर दी, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं हमारे पास सभी है। आपके व्याकुल समकक्ष दूसरे उपमुख्यमंत्री को यह भेज दीजिए।

### मौसम विभाग ने बताया- गर्मी से मिलेगी लोगों को राहत

# मध्यप्रदेश, झारखंड समेत 6 राज्यों में बरसे बदरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम मानसून 10 दिन थमे रहने के बाद शुक्रवार को मध्य प्रदेश पहुंच गया। मानसून महाराष्ट्र-विदर्भ के हिस्सों, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी पहुंचा है।

मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में भी बारिश हुई तेज हवाएं चलीं। देश में अब तक (1 से 20 जून तक) 77 मिमी बारिश हुई। यह इस दौरान होने वाली बारिश से 17% कम है। 1 से 20 जून तक देश में 92.8 मिमी बारिश हो जाती है।

### 10 दिन थमे रहने के बाद मानसून ने दी खुशखबर

जून में सामान्य से कम रहेगा मानसून





### अभी कई राज्य बाढ़ बारिश से हलाकान

**असम में पार्क की सुरक्षा के लिए स्पेशल कमांडो:** असम में बाढ़ के हालात खतरनाक हो गए हैं। यहां 15 जिलों में 1.62 लाख लोग और करीब 1 लाख जानवर प्रभावित हैं। काजीरंगा में 3 नई कमांडो बटालियन तैनात की गई हैं। 600 वनकर्मियों की नई भर्ती होगी।

**छत्तीसगढ़ में गर्मी की छुट्टियां बढ़ीं:** छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी पड़ रही है। समर वेकेशन 25 जून तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले राज्य सरकार ने गर्मी की छुट्टियां 22 अप्रैल से 15 जून तक घोषित की थीं।

### निकोबार में 19 मई को पहुंचा था

*दक्षिण-पश्चिम मानसून निकोबार में 19 मई को पहुंच गया था। केरल में इस बार दो दिन पहले, यानी 30 मई को, ही मानसून पहुंच गया था और कई राज्यों को कवर भी कर गया। फिर 12 से 18 जून तक (6 दिन) मानसून रुका रहा। 12 जून तक केरल, कर्नाटक, गोवा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पहुंचा। दक्षिण महाराष्ट्र के ज्यादातर हिस्सों, दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, दक्षिणी ओडिशा, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और सभी पश्चिमोत्तर राज्यों में पहुंच गया था।18 जून तक मानसून गुजरात के नवसारी, महाराष्ट्र के जलगांव, अमरावती, चंद्रपुर, छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा, ओडिशा के मलकानगिरी और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम तक पहुंचा। मौसम विभाग का अनुमान है कि जून में मानसून सामान्य से कम यानी 92 फीसदी लंबी अवधि के औसत से कम रहेगा।*

### ममता सरकार का फैसला

# सरकारी संपत्तियों को बेचकर अब उद्योगों का विकास करेंगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



ममता बेनर्जी सरकार ने नए उद्योगों के विकास के लिए नया तरीका खोज निकाला है। सरकार ने बंद इंडस्ट्रीज के साथचल रही इंडस्ट्रीज की खाली और इस्तेमाल न की जा रही जमीन बेचने की पेशकश शुरू कर दी है।

ममता ने अधिकारियों से ऐसे भवनों की एक सूची तैयार करने और उन संरचनाओं को नीलामी के माध्यम से बेचने के लिए एक नीति तैयार करने को कहा। ममता ने अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान यह निर्देश दिया। सरकार 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले जितना संभव हो उतना राजस्व पैदा करना चाहती है।इससे पहले सरकार ने विभागों को अपनी खाली पड़ी ज़मीनों को नीलामी के माध्यम से बेचने की अनुमति दी थी। अबइस्तेमाल नहीं किए जा रहे सरकारी भवनों को बेचने का फैसला किया है।



हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### प्रदेश में दोनों ओर से नमी

शुक्ला के अनुसार अभी उत्तरी हरियाणा और आसपास के इलाकों पर बना चक्रवाती परिसंचरण अब उत्तर-पश्चिमी उत्तर देश और आसपास में सक्रिय है। दक्षिण पश्चिमी राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान के ऊपर एक सकुर्लेशन है। वहीं, पूर्वी राजस्थान से मणिपुर तक एक सिस्टम सक्रिय है, जिससे प्रदेश में दोनों ओर से नमी आ रही है।

### आज यहां तेज बारिश

शनिवार तक नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में तेज से मध्यम बारिश होगी। इसके अलावा सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, नरसिंहपुर, मंडला, मैहर जिलों में सामान्य से मध्यम बारिश होगी। भोपाल में भी बादल, बारिश का दौर चलेगा।

## पूरे प्रदेश में 2 से 8 डिग्री तक गिरा पारा

## बालाघाट, मंडला के रास्ते मानसून की दस्तक भोपाल में प्री-मानसून की सबसे अधिक वर्षा

# अब खुश हो जाएं... आ गया मानसून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में प्री-मानसून बारिश के बीच शुक्रवार को बालाघाट, मंडला और डिंडौरी के रास्ते दक्षिण पश्चिमी मानसून ने दस्तक दे दी है। भोपाल में प्री-मानसून बारिश ने ही 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे अधिक वर्षा का नया कीर्तिमान दर्ज कर दिया है। शहर में गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक एक दिन में 123.4 मिमी बारिश हुई है, जो 19 जून 2019 के बाद सबसे अधिक वर्षा है। इससे पहले 19 जून 2019 को यहां 126.2 मिमी बारिश हुई थी।

मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही बारिश की गतिविधियों में वृद्धि दर्ज हुई है। करीब दो दर्जन जिलों में 50 मिमी तक बारिश हुई है। शनिवार को भी प्रदेश में अच्छी बारिश होगी। बारिश के बाद प्रदेश के तापमान में तेजी से गिरावट रही। सर्वाधिक पारा 8 डिग्री शिवपुरी में गिरकर 32 डिग्री पर रहा। भोपाल, धार, गुना, इंदौर, खंडवा, उज्जैन और खजुराहो में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरकर औसतन 33 डिग्री तक रहा है। भोपाल में 32.7 डिग्री दर्ज हुआ।

01 ऐसी बारिश होती रही तो दो दिन में भोपाल में भी हो सकती है मानसून की एंट्री

02 राजधानी भोपाल में 19 जून 2020 के बाद एक दिन में इतनी बारिश दर्ज

03 सिवनी नदी में आया उफान, आज कई जिलों में तेज से मध्यम बारिश

04 करीब दो दर्जन जिलों में 50 मिमी तक बारिश हुई


**खंडवा में रिक्टर स्केल पर 3.6 तीव्रता के भूकंप से सहमे लोग**

### राजधानी में दो दिन में आ सकता है मानसून

-मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बारिश की अगर ऐसी ही रफ्तार रही और सभी परिस्थितियां सामान्य रहीं तो अगले दो से तीन दिन में भोपाल में भी मानसून ऑनसेट हो सकता है। मानसून की उत्तरी सीमा अब नवसारी, जलगांव, मंडला, बालासोर आदि से होकर गुजर रही है। अगले 2-3 दिनों में उत्तरी अरब सागर, गुजरात, महाराष्ट्र के शेष भागों के साथ ही मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। शुक्रवार को मानसून प्रदेश के मंडला, बालाघाट, अनूपपुर, पांढुर्णा, सिवनी और डिंडौरी में आगे बढ़ा है।

### यहां 50 मिमी से अधिक बारिश

बीते 24 घंटे में प्रदेश में भोपाल में सबसे अधिक बारिश हुई। यहां 123.4 मिमी बारिश दर्ज हुई है। सीहोर 107, सैलाना 90, सिलवानी 79, इछावर 77, नबीबाग 71.4, ब्योहारी 71, बीना 69.2, गंज बासौदा 62.2, दमोह 62, रतलाम 62, कुंडम 57, शुजालपुर 56, मंडला 55, गुलाबगंज 52, नटेरन 51, मालथौन 50.7, लटेरी 50.5, कोलारस 50.2, आगर 50, ग्यारसपुर 50 और पठारी 49 मिमी तक बारिश हुई है।



टीटी नगर स्टेडियम में जलभराव



स्टेशन रोड हमीदिया सामानांतर मार्ग जलमग्न

## खबर संक्षेप

### आसाराम की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** राजस्थान में नाबालिग से यौन शोषण के मामले में दोषी आसाराम को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और वह जोधपुर जेल में सजा काट रहा है।



आसाराम की तबीयत एक बार फिर बिगड़ गई है। उन्हें सीने में दर्द के चलते जोधपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। हालांकि जांच के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया लेकिन फिर तबीयत खराब होने पर वापस अस्पताल लगाया गया। दरअसल, गुरुवार रात को तबीयत खराब होने के कारण करीब 1 बजे आसाराम को एम्स में भर्ती कराया गया है। आईसीयू में रखा गया है।


### जुबान फिसली-एनडीए का सूपड़ा साफ करेंगे

**पटना।** मोदी सरकार के गृह राज्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नित्यानंद राय शुक्रवार को पटना पहुंचे और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा कि 2025 में एनडीए का सूपड़ा साफ करेंगे। हालांकि, उन्हें तुरंत ही अपनी गलती का अहसास हुआ और आगे कहा कि 2025 में तेजस्वी यादव को धूल चटाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोग 2025 के चुनाव में महागठबंधन को शून्य पर बोल्ड कर देंगे।



### पुणे पोर्श केसः नाबालिग आरोपी के पिता को बेल

**पुणे।** पुणे के चर्चित पोर्श केस में नाबालिग आरोपी के पिता को पुणे सेशन कोर्ट से जमानत मिल गई है। इस मामले में 10 दिन पहले बहस हुई थी, जिसके बाद पुणे सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को जमानत मंजूर कर ली है। बता दें कि 19 मई को कथित तौर पर नाबालिग आरोपी नशे की हालत में था और काफी स्पीड से पोर्श कार पोर्श कार चला रहा था। कल्याणी नगर इलाके में कार से दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। हादसे वाले दिन ही नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी। बाद में 22 मई को उसे बाल सुधार गृह में भेजने का आदेश दिया था।



प्रत्येक पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र भी खुलेगा

## सीएम डॉ. यादव ने कहा- मप्र में ड्रोन नीति बनेगी, विमानन कृषि और एआई जैसे विषयों के अध्यापन की होगी व्यवस्था

# प्रदेश में एक जुलाई से प्रारंभ होंगे 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

सीएम ने कहा कि यह कॉलेज प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का चेहरा बनेंगे। ये कॉलेज देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श शिक्षण केंद्र के रूप में पहचान बनाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में प्रत्येक जिले में 55 उत्कृष्ट कॉलेज शुरू हो रहे हैं, यह कॉलेज प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का चेहरा बनेंगे। ये कॉलेज देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श शिक्षण केन्द्र के रूप में पहचान बनाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन, विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम लोगों को सजग भूमिका निभानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र भी खुलेगा। प्रदेश में ड्रोन नीति बनेगी। उच्च शिक्षा, उद्योग, कृषि और अन्य संबंधित विभागों में ड्रोन के उपयोग और प्रशिक्षण के संबंध में रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय स्थित कक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियों पर वरिष्ठ अधिकारियों से बैठक में विस्तृत चर्चा कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय स्थित कक्ष में उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियों पर वरिष्ठ अधिकारियों से बैठक में विस्तृत चर्चा की

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के लिए कुछ इस तरह से होंगे कार्य

- रोजगार परक पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाएगा।
- उच्च शिक्षा विभाग एक्सीलेंस कालेजों में कृषि सहित अन्य उपयोगी पाठ्यक्रम शुरू करेगा।
- पर्यटन से संबंधित पाठ्यक्रम भी शुरू होंगे।
- नवीन पाठ्यक्रम जैसे बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स, अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम और अन्य कोर्सेस की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।
- विमानन एवं अन्य पाठ्यक्रमों के लिए की गई व्यवस्थाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत करवाया जाए।

### पायलट ट्रेनिंग के लिए पाठ्यक्रम बनेंगे उपयोगी

यादव ने कहा कि विमानन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे विषयों में युवाओं की रूचि बढ़ रही है। इन विषयों की बेहतर शिक्षण व्यवस्था की जाए। हाल ही में देश का पहला हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेनिंग स्कूल खजुराहो में शुरू किया गया है। राज्य सरकार की कोशिश है कि जहां-जहां हवाई पट्टियां हैं, वहां-वहां पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, निकटवर्ती विश्वविद्यालय के जरिए डिग्री और डिप्लोमा कोर्स की व्यवस्था करें।

### चयनित महाविद्यालयों में अतिरिक्त पदों की स्वीकृति

सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी जिलों में एक-एक प्रधानमंत्री (पीएम) कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस स्थापित करने के लिए चयनित महाविद्यालयों में अतिरिक्त पदों की स्वीकृति भी दी गई है।

**दिल्ली हाईकार्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे लगाया**

## अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल, 2 से 3 दिन में होगा रिहाई पर फैसला

ईडी की याचिका पर हाईकोर्ट ने सोमवार या मंगलवार तक फैसला रखा सुरक्षित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार शाम राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत मिली थी लेकिन शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी जमानत पर स्टे लगा दिया है। दिल्ली हाईकार्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर तब तक स्टे लगाया है, जब तक जब तक वह ईडी की याचिका पर फैसला नहीं सुना देता। हाईकोर्ट इस फैसले पर सोमवार या मंगलवार को फैसला सुना सकता है।

हाईकोर्ट ने काउंसिल को कहा है कि वो सोमवार तक लिखित में अपनी दलील दे। दिल्ली हाईकोर्ट ने पीएमएलए मामले में जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया। केजरीवाल शराब घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में जेल में हैं।

### तो फिर जज को निबंध लिखना चाहिए : सिंघवी

*ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने जस्टिस सुधीर कुमार जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की वेकेशन बेंच में याचिका लगाई, सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने रिहाई पर रोक लगा दी। एएसजी राजू ने कहा कि हमारी बात निचली अदालत में नहीं सुनी गई। सीएम केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने स्टे लगाने की मांग का विरोध किया। सिंघवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दस फैसले हैं कि जमानत रद्द करना जमानत देने से बिल्कुल अलग होता है। सिंघवी ने कहा कि ईडी पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है। निचली अदालत मे यह मामला पांच घंटे तक चला। राजू ने करीब 3 घंटे 45 मिनट का समय लिया और फिर ट्रायल जज पर दोष लगाया गया क्योंकि उन्होंने हर कॉमा और फुल स्टॉप को दोहराया नहीं। सिंघवी ने हाईकोर्ट में दलील दी कि ईडी को लगता है कि चूंकि सीएम का मामला है तो घंटों सुना जाना चाहिए।*

**भिंड हाइवे पर हादसा**

## पिकअप वाहन से ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत, 3 की मौत, 10 से अधिक जख्मी

◆ बेटी का फलदान चढ़ाकर लौटते समय घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

जिले के ऊमरी-भिंड मार्ग पर पिकअप वाहन को गुरुवार रात ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप वाहन में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 10 से अधिक घायल हो गए, जिनको भिंड अस्पताल में भर्ती में कराया गया है। एक युवक को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, जिले के रौन थाना क्षेत्र के मछंड निवासी सत्यपाल जाटव गुरुवार को अपनी बेटी का फलदान लेकर भिंड के मोहित नगर आए थे। रिश्तेदारों के साथ फलदान चढ़ाकर रात को पिकअप वाहन से वापस मछण्ड जा रहे थे।



### एंबुलेंस खड़ी बस से टकराई, चार गंभीर

इधर, दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर जिले के नोहटा मढ़ा मंदिर के पास शुक्रवार दोपहर एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी बस से टकरा गई। उसने सड़क पार कर रही एक महिला, पुरुष व बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी फिर डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। इस हादसे में एंबुलेंस चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चालक को छोड़ बाकी तीन को जबलपुर रेफर किया गया है।

*एक सप्ताह में दूसरी बार आया मेल*

## इंदौर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की फिर धमकी, जांच में कुछ नहीं मिला




एयरपोर्ट प्रबंधन ने सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट को एक सप्ताह में दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी एयरपोर्ट के ई मेल आईडी पर दी गई। इस मामले में एयरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने एरोड्रम थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। लगातार धमकी भरे मेल कहां से आ रहे हैं, इसकी जानकारी साइबर सेल की जानकारी के अनुसार धमकी का ई मेल आने के बाद इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर चेकिंग अभियान चलाया।

*कांग्रेस ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप*

## अटल सेतु में आई दरारें! नाना पटोले ने लिया इसका जायजा



18 हजार करोड़ रुपए से तैयार हुआ ये ब्रिज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मुंबई के अटल ब्रिज को लेकर राजनीति गरमा गई है। अटल ब्रिज को जोड़ने वाली सड़कों पर दरारें आने पर महाराष्ट्र कांग्रेस ने इस मुद्दा बनाते हुए बिहार में पुल गिरने की घटना से जोड़ते हुए निशाना साधा है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को अटल ब्रिज का दौरा किया। पटोले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लियाा कि यह बेहद चिंताजनक है ।

**जम्मू कश्मीर के साथ ही हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र में होगा यह अपडेशन**

2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया

## पीएम मोदी की घोषणा के बाद 'एक्शन' में चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट को अपडेट करने का निर्देश

◆ इसके साथ ही जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बदल दिया गया

एजेंसी ▶▶ जम्मू/नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर सहित चार राज्यों में मतदाता सूचियों को अपडेट करने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने जम्मू कश्मीर के साथ ही हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट को अपडेट करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग का यह कदम मोदी के जम्मू कश्मीर दौरे के बीच सामने आया है। गुरुवार को श्रीनगर में मोदी ने अपने संबोधन के दौरान प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी की बात कही थी। साथ ही जम्मू कश्मीर को जल्द राज्य का दर्जा दिए जाने के भी सपष्ट संकेत दिए थे।



### इस बार एक जुलाई 2024 होगी अर्हता तिथि

एक जुलाई 2024 को या उससे पहले 18 वर्ष पूरे करने वाले युवा वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़ा सकेंगे। वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए एक जुलाई 2024 अर्हता तिथि रखी गई है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के लिए, मतदाता सूची को एक जनवरी को अर्हता तिथि के रूप में अपडेट किया गया था। अर्हता तिथि किसी राज्य या देश में किसी निश्चित तिथि पर मतदाताओं की संख्या स्थापित करने में मदद करती है।

### 20 अगस्त तक अपडेट करनी होगी वोटर लिस्ट

वोटर लिस्ट अपडेट की प्रक्रिया 25 जुलाई से शुरू होगी और 20 अगस्त को समाप्त होगी। ऐसे में साफ है कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव 20 अगस्त के बाद ही होंगे। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर 2024 और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है।

# अयोध्या में बोले सीएम डॉ. यादव- सनातन संस्कृति के अनुकूल काम कर रही सरकार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को दिल्ली से अयोध्या पहुंचे और भगवान श्रीराम के मंदिर में दर्शन किए। सीएम महंत नृत्य गोपालदास के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मप्र में सनातन संस्कृति के अनुकूल गौशाला संचालन, संस्कृत शिक्षण और पाठ्यपुस्तकों में महापुरुषों की जीवनियां शामिल करने की पहल की गई है।



### अयोध्या में भगवान श्रीराम के किए दर्शन

#### मप्र में नई शिक्षा नीति में अभिनव प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्मोत्सव समारोह में कहा कि मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अनेक अभिनव प्रयास हुए हैं। स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा के स्तर पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को भी शामिल करने की पहल हुई है। प्रदेश के उज्जैन और इंदौर सहित विभिन्न स्थानों में गौशालाओं के बेहतर संचालन के कदम उठाए गए हैं। गौशालाओं को दिया जाने वाला मानदेय दुगना किया गया है। संस्कृत शिक्षण की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं।

#### 'संघर्षशील रहा महंत जी का व्यक्तित्व'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महंत नृत्य गोपालदास देव स्वरूप हैं और उनका व्यक्तित्व संघर्षशील रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत जी के 86वें जन्मोत्सव पर बधाई और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि महंत जी ने रामजन्मभूमि न्यास के साथ ही कृष्ण जन्मभूमि न्यास के प्रमुख का दायित्व संभाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत जी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि माता सरयू के तट पर पवित्र नगरी अयोध्या में कई जन्मों के पुण्य के पश्चात दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है। आज उन्हें भी यह अवसर मिला है।

## खबर संक्षेप

### वनरक्षक भर्ती में गैर हाजिरों के शारीरिक माप 26 से 28 जून तक

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा ली गई थी। इसके परिणाम 14 मार्च को जारी हुए थे। अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल की कार्रवाई वन विभाग द्वारा 24 मई से 27 मई के मध्य कराई गई थी। इसमें अधिक गर्मी के कारण कार्रवाई स्थगित की गई थी। साथ ही लोकसभा चुनाव में ड्यूटी होने के कारण अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके थे। ऐसे अनुपस्थित एवं पांच जिलों के शेष संविदा अभ्यर्थियों के लिये शारीरिक माप परीक्षा अब 26 जून से 28 जून तक संबंधित जिला वन मण्डलों में आयोजित की जाएगी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कमलिका मोहंता ने बताया कि समय-सारणी की विस्तृत जानकारी वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सभी अभ्यर्थी द्वितीय चरण की प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक मूल अभिलेखों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित रहें।

### नीट परीक्षा मामले में युवा कांग्रेस ने फूंका एनडीए सरकार का पुतला



**भोपाल।** जिला युवा कांग्रेस भोपाल शहर के तत्वावधान में व्यापक स्तर पर नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा में हुई धोखाधड़ी और धांधली के विरोध में गुरुवार को लिली टाकीज चौराहे पर एनडीए सरकार का पुतला दहन किया। पुतला दहन की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल पहले से ही वहां मौजूद था। युवा कांग्रेस द्वारा सरकार का पुतला दहन के समय पुलिस द्वारा इसका विरोध किया गया और पुतला छीनने की कोशिश की गई, बावजूद युवा इंकाइयों ने नीट घोटाले के विरोध में केन्द्र में स्थापित एनडीए सरकार का पुतला फूंका। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला युवा कांग्रेस भोपाल शहर के अध्यक्ष अंकित दुबे ने मीडिया से कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार के संरक्षण में हुए इस नीट प्रवेश परीक्षा में भ्रष्टाचार से देश के होनहार डॉक्टरों का भविष्य अंधकार में चला गया हैं।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह हुए योग कार्यक्रम

# छत्तीसगढ़ में डिप्टी सीएम समेत कई दिग्गजों ने किया योग, अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरबा में सीएसईसीबी स्थित फुटबॉल ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रहे। इसके साथ ही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधी,पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। योग प्रशिक्षकों द्वारा करीब 45 मिनट तक मौके पर मौजूद सैकड़ों लोगों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान मुख्य अतिथी ने योग को जीवन में काफी महत्वपूर्ण बताया, उन्होंने कहा, कि योग के माध्यम से शरीर स्वस्थ्य रहता है, जिससे बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर छत्तीसगढ़ में भी राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न संस्थाओं में और सामाजिक संगठनों के द्वारा योग दिवस मनाया गया। इस आयोजन में काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने योगा कर योग दिवस मनाया। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा एसईसीएल स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड में वॉलीबॉल ग्राउंड संगठन के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया , जिसमें काफी संख्या में वॉलीबॉल के खिलाड़ी समेत नन्हे मुन्ने बच्चों ने योग शिविर में योग करते नजर आए। इसके अलावा अग्रसेन महाविद्यालय में सामाजिक संगठन के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया।

**»** *मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया*

**»** *योग प्रशिक्षकों ने करीब 45 मिनट तक मौजूद सैकड़ों लोगों को कराया*



### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया योग



जांजगीर चांपा जिले के एतिहासिक भीमा तालाब परिसर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और विधायक व्यास कश्यप सहित अधिकारी कर्मचारी आम नागरिकों ने योग अभ्यास किया। जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि योग को प्रतिदिन हर व्यक्ति को करना चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है और किसी भी प्रकार की बीमारी से लड़ने की हमें ताकत मिलती है। प्रतिदिन सुबह-शाम योगा करना चाहिए, जिससे मन संतुलन रहता है।

### कलेक्टर-एसपी नहीं पहुंचे, विधायक रेणुका सिंह ने जताई नाराजगी



मनेन्द्रगढ़ में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि और विधायक रेणुका सिंह ने कलेक्टर एसपी जमकर नाराजगी जताई। दरअसल योग दिवस कार्यक्रम स्थल पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और एसपी चंद्रमोहन सिंह की गैरमौजूदगी रेणुका सिंह को नागवार गुजरी। नाराज विधायक रेणुका सिंह ने कहा शासन के कार्यक्रम में जरूरी नहीं की छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री रहेंगे तभी जिला प्रशासन आएगा। विधायक ने कहा कि ऐसे कलेक्टर और एसपी को यहां रहने की जरूरत नहीं। रेणुका सिंह ने कहा, कलेक्टर-एसपी का योग दिवस कार्यक्रम में नहीं होना योग का विरोध करने के बराबर है।

### विधायक किरणदेव बोले- योग हमारे देश की पुरातन विधा



जगदलपुर में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम पर सामूहिक योग कार्यक्रम शहर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर देव ने कहा कि करें योग-रहें निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विधा योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। पूरे देश में वर्ष 2014 से 21 जून को योग दिवस मनाया जा रहा है।

### हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त

# पुलिस से बचने के लिए मलकानगिरी के पहाड़ों में अब छिप रहे नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले में चल रहे लगातार नक्सली अभियान से घबराए नक्सली इन दिनों ओडिशा के पहाड़ों से लेकर जंगल में पनाह ले रहे हैं। वहीं मलकानगिरी पुलिस भी इन दिनों नक्सलियों के टॉप लीडरों के ऊपर नजर बनाए हुए है, जिसके चलते मलकानगिरी पुलिस ने ओडिशा के रिजर्व फारेस्ट एरिया में चट्टानों के बीच छिपाकर रखे हथियार के साथ ही विस्फोटक सामग्री जब्त किया है।

बताया जा रहा है कि मलकानगिरी पुलिस ने ओडिशा के रिजर्व फारेस्ट एरिया में नक्सली डंप को जब्त करने में सफलता हासिल किया है, नक्सलियों ने इन सामानों को चट्टानों के बीच छिपाकर रखा हुआ था, पुलिस ने चट्टानों के बीच हथियार और विस्फोटक के साथ ही 11 तरह के सामानों की बरामदी की है। जवानों ने 5, 3 और 2 किलो के एलपीजी सिलेंडर भी जब्त किया है। पुलिस ने इन सभी सामानों को बिजंगवाड़ा रिजर्व फारेस्ट एरिया में सामान को छुपा कर रखे हुए थे, बस्तर में होने वाले अभियान से डर के पनाह पाने के लिए यहां अक्सर छुपने के लिए आते हैं, मलकानगिरी में पुलिस के एक्शन के बाद नक्सली में डर देखने को मिल रहा है।



### जोरदार हुई बारिश के कारण क्षेत्र का मुकरम नाला उफान पर रहा

# मानसून ने दी दस्तक, बारिश से चिंतलनार जिला मुख्यालय मार्ग से घंटों तक रहा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

सुकमा में मानसून के दस्तक देते ही बारिश के प्रभाव से चिंतलनार इलाके का जिला मुख्यालय सड़क के रास्ते घंटों बंद रहे। चिंतलनार थाना क्षेत्र के मुकरम नाले में बारिश का पानी लबालब भरा हुआ है जिस वजह से आवागमन प्रभावित नजर आ रहा है और इलाके के लोग नाले के पानी के कम होने का इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि मुकरम में यह स्थिति हर साल बनती है क्योंकि यहां पुल टूटने के 10 साल बाद भी पुल का काम पूरा नहीं हो पाया है। जिस वजह से थोड़ी बारिश में भी नाला भर जाता है और वाहनों का जाम लगा रहता है या फिर लोग जान जोखिम में डालकर वाहनों को नाले से पार करते नजर आते हैं। फिलहाल 50% से ज्यादा काम हो चुका है लेकिन इस साल भी लोगों को उसी हालात से गुजरना पड़ेगा। गौरतलब है की बारिश के दौरान जगरगुंडा चिंतलनार समेत तीन दर्जन गांव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से गुजरना होता है। इस दौरान अगर आपातकाल स्थिति में मरीज को उस पार ले जाना हो तो जोखिम भी उठाना पड़ता है। क्योंकि एम्बुलेंस वहां तक नहीं पहुंच पाती।मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और आसपास के क्षेत्र पर स्थित है। यह समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर की ऊपर स्थित है। सिस्टम बनने की वजह से प्रदेश में बादल छाए हुए हैं, साथ ही कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।



### राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में हुई जोरदार बारिश

छत्तीसगढ़ में बादल छाए रहने और बारिश होने की वजह से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। शुक्रवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में सुबह से ही बादल छाए रहे, साथ ही कई जिलों में जोरदार बारिश भी हुई। आने वाले पांच दिनों तक गरज चमक के साथ तेज अंधड़ और बारिश के आसार हैं। इन दिनों लोगों को गर्मी से राहत मिली है, हालांकि दोपहर के समय लोग उमस से परेशान हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक तीव्र गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

### पशुपालन निगम प्रबंधन की मनमानी जारी

# आमरण अनशन के बाद मिला महिला कर्मचारी को समयमान वेतनमान

हरभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

आमरण अनशन के बाद आखिरकार पशुपालन निगम ने समयमान वेतनमान दिए जाने के आदेश तो जारी कर दिए हैं, लेकिन संविदा कर्मचारियों को पूरा वेतन दिए जाने के शासन के आदेशों को तवज्जो नहीं दी जा रही है, बल्कि महज 40 से 60 प्रतिशत ही वेतन दिया जा रहा है। इसके विरोध में सीएम हाउस घेराव की चेतावनी दी गई है। बतादें कि महिला कर्मचारी नीना श्रीवास्तव को 2017 में ही संचालक बोर्ड से पारित हो जाने के बाद भी समयमान वेतनमान नहीं मिल रहा था, जिसके विरोध में निगम गेट पर ही आमरण अनशन शुरु कर दिया था। कर्मचारी महिला का आरोप था कि निगम के एमडी डॉ एचबीएस भदौरिया जानबूझकर फाइलों को वित्त विभाग के साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग को भेजकर लटका देते हैं। भदौरिया गुरुवार सुबह ही निगम आफिस पहुंचे समयमान वेतनमान के आदेश महिला कर्मचारी को सौंपे।



### पीएफ कटोत्रा और पूरा वेतन देने की मांग

कर्मचारी नेता श्याम सुंदर शर्मा और अजय श्रीवास्तव नीलू ने पशुपालन निगम के संविदा कर्मचारियों को शत प्रतिशत वेतन के साथ ही पीएफ कटौत्रा शुरू किए जाने की मांग की है। साथ ही अल्टीमेटम दिया है कि अगर 100 प्रतिशत वेतन भुगतान शुरु नहीं किया जाता है तो पशुपालन मंत्री और प्रमुख सचिव के साथ ही निगम के एमडी का पुतला दहन करके सीएम हाउस का घेराव किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अमरवाड़ा में भी जारी रहेगा जीत का अभियान: हितानंद

**»** *महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही राज्य सरकार*

**»** *मोर्चा पदाधिकारी घर-घर संपर्क कर बताएं भाजपा सरकार की उपलब्धियां*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का अमरवाड़ा में भी विजय अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर जाकर बताएं। भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य किए हैं। पार्टी के सभी मोर्चा पदाधिकारी घर-घर संपर्क कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाए जा रहे गरीब कल्याण, लाभार्थी योजनाओं और भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं। हितानंद गुरूवार को छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में मातृशक्ति संगठनों, महिला मोर्चा, स्वयंसेवी संस्थाओं व सिंगोड़ी, सुरलाखापा और अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल के शक्ति केन्द्रों के संयोजकों, प्रभारियों व प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक को प्रदेश महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार ने भी संबोधित किया।



### जनता का प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास

हितानंद ने कहा कि छिंदवाड़ा की जनता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अटूट विश्वास है। लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा की जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर इतिहास बनाया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय मिली है। जीत का यह अभियान अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भी जारी रहेगा। छिंदवाड़ा में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री मोदी के गरीब कल्याण और लाभार्थी योजनाओं के हितग्राही रहते हैं। अमरवाड़ा विधानसभा में भी आम जनता के साथ योजनाओं के हितग्राही भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएंगे।

### कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर योजनाएं बताएं

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री शर्मा ने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता के मंत्र पर सभी कार्यकर्ता बूथ और पन्ना समितियों को और सक्रिय करें और हर बूथ जीतने का लक्ष्य लेकर जुट जाएं। लोकसभा चुनाव की तरह अमरवाड़ा विधानसभा में भी भाजपा जीत का इतिहास बनाने के लिए एकजुट हो जाए।

### महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं

हितानंद ने अमरवाड़ा में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं, स्वसहायता समूह और स्वयंसेवी समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने बहुत कार्य किए हैं।

### अमरवाड़ा के लिए नामांकन के पांचवें दिन 12 के नाम निर्देशन पत्र जमा

**भोपाल (विप्र)।** छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट के लिए हो रहे उप चुनाव के लिए 14 जून से नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। इसके तहत पांचवे दिन 20 जून को 6 अभ्यर्थियों द्वारा 12 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। दिनांक 14 जून से अब तक 11 अभ्यर्थियों द्वारा 18 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इनमें भाजपा के कमलेशा शाह, गोगपा के देव रावन भलावी और कांग्रेस के धीरनशा शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। मतगणना 13 जुलाई को होगी।

### अमरवाड़ा के लिए भाजपा जिम्मेदार, मतदाता जबाव देने के लिए तैयार: पटवारी



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरूवार को कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह की नामांकन रैली में अमरवाड़ा विधानसभा पहुंचे। इस दौरान उन्होने कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा की धरती ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का साथ देकर आदिवासियों के सम्मान को जीवित रखा है, लेकिन जो कलंक भाजपा के षड्यंत्र से लगा है उसका करारा जवाब देने को अमरवाड़ा का एक-एक मतदाता तैयार है। पटवारी ने कहा कि अभी लोकसभा के चुनाव हुये हैं दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी की पराजय हुई है, इसके पहले विधानसभा के चुनाव हुये थे, कमलनाथ जी ने छिंदवाड़ा में सात विधायक दिये थे, जिसमें अमरवाड़ा भी शामिल था, लेकिन भाजपा ने षड्यंत्रपूर्वक उसको भी अपनी पार्टी में शामिल कर लिया।

कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह ने दाखिल किया नामांकन

## पुलिस ने किया बल प्रयोग, वाटर कैनन चलाए

# नीट व नर्सिंग घोटाले के खिलाफ युवक कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन




जबलपुर।

प्रदेश मे हुये नर्सिंग घोटाले और नीट घोटाले के खिलाफ युवक कांग्रेस प्रदेश स्तरीय आंदोलन चला रही है। इसी कड़ी मे शुकवार को जबलपुर मे युवक कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष मीतेन्द्र यादव के नेतृव्य मे प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उस समय पुलिस बल और युकां कार्यकर्ता आमने सामने आ गये जब घंटाघर मे लगी बैरीकेडिंग पार करने का प्रयास युवाओ ने किया। कहा सुनी, बहस मे बदल गई जिसके बाद धक्का मुक्की शुरु हुई। पुलिस ने वाटर केनन चलाए और हलका बल प्रयोग किया। किसी तरह स्थिति शांत हुई। इस पूरे घटना कम में करीब 2 दर्जन युवक घायल बताए जा रहे है, वही करीब 1 दर्जन को हिरासत मे लिया गया। जिन्हे बाद मे छोड दिया गया। युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मीतेन्द्र यादव ने कहा कि हम हाथो मे महात्मा गांधी और बाबा साहब की तस्वीर लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने जबरन लाठी चार्ज किया, वाटर कैनन चलाए, हमारे कार्यकर्ताओ को हिरासत मे लिया। नगर अध्यक्ष विजय यादव का कहना है कि पुलिस की कार्यवाही मे करीब दो दर्जन युवक घायल हुये है। वही कई को बिना वजह हिरासत मे लिया गया है। युकां नेताओ का कहना है कि हम पुलिस की गुंडागदी से डरने वाले नही है। नीट और नर्सिग घोटाले के खिलाफ हम आर पार की लड़ाई लड़ेगे। वही इस मामले मे पुलिस का कहना है कलेक्ट्रेट परिसर मे धारा 144 लागू है। जिसके चलते घंटाघर मे बैरीकेडिंग की गई थी। लेकिन युवको ने बैरीकेड लांघने का प्रयास किया । जिसकी वजह से पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

### यह भविष्य की लड़ाई है: मितेन्द्र यादव

युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मीतेन्द यादव ने कहा यह छात्रो के भविष्य की लड़ाई है। इस लड़ाई मे हम प्रदेश के सभी युवाओ से अपील करते है कि वो सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करे। उन्होने कहा युवक कांग्रेस नीट और नर्सिग घोटाले मे आरपार की लड़ाई के लिये कमर कस चुकी है। जब तक छात्रो को इंसाफ नही मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

### शासन प्रशासन के दमनात्मक रवैया की निंदा

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा कि नीट परीक्षा में धांधली, भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा आवाज उठाने पर शासन प्रशासन द्वारा कांग्रेसियों पर बल प्रयोग और पानी की बौछार करने के दमनात्मक रवैया की निंदा की है। श्री कोष्ठा ने कहा है कि विद्युत कार्यालय में तोड़फोड़ और कोतवाली थाने के सामने चका जाम करने पर कोई कार्यवाही नहीं किया जाना शासन प्रशासन के भेदभाव को प्रदर्शित करता है।

## महानगरी, राजकोट को मदन महल में रोकने का दिया सुझाव

### रेल उपयोगकर्ता समिति की बैठक

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल की रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति (डीआरयूसीसी) की 151वी बैठक शुक्रवार को मंडल कार्यालय में आयोजित की गयी. इस बैठक में मंडल के 14 सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने अपने क्षेत्रो के रेल यात्रियों से सम्बंधित सुझाव प्रस्तुत किये इस दौरान सदस्यों ने अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए स्टेशनों पर किये जा रहे पुनर्विकास के कार्य तथा पार्किंग जैसे दुरूह कार्य में हुए सुधार के लिए रेल प्रशासन की प्रशंसा की। बैठक के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने समिति के सदस्यो का पुष्प देकर मंडल की तरफ से स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए शील ने सदस्यों से प्राप्त होने वाले सुझावों को मंडल में यात्री सुविधाओ के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इन सुझावों से मंडल बहु आयामी विकास एवं उच्च स्तरीय मानक प्राप्त करेगा। बैठक में समिति के सचिव सीनियर डी सी एम डॉ. मधुर वर्मा ने पॉवर पॉइंट के द्वारा मंडल में यात्री सुविधाओ की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की. इस अवसर पर बैठक में समिति के दमोह की सदस्य श्रीमती मनोरमा रतले ने दमोह में आरपीएफ एवं जीआरपी स्टाफ बढ़ाने , प्लेटफार्म में जमा होने वाली भीड़ को रोकने का सुझाव दिया। जबलपुर के सदस्य अरुण सिंह पवार ने मदन महल स्टेशन पर इटारसी की ओर जाने वाली राजकोट एक्सप्रेस 11464 एवं महानगरी एक्सप्रेस 22178 का मदन महल स्टेशन पर ठहराव का सुझाव दिया. समिति के सदस्य कमल नयन काबरा ने पिपरिया के रिटायरिंग रूम को वातानुकूलित करने, आसनसोल - सीएसटीएम, पटना- वास्कोडिगामा एक्सप्रेस को पिपरिया स्टेशन पर स्टॉपेज एवं जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस को मैसूर तक बढ़ाने,जबलपुर के निखिल अरुण देशकर ने मदन महल में लगने वाले लिफ्ट एवं एस्केलेटर यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे की प्रशंसा की. समिति सदस्य इंद्र कुमार सोनी ने स्टेशन के खान पान स्टालों की जाँच करने, कटनी के सदस्य मारूफ अहमद हनफी ने मुडवारा रेलवे स्टेशन के आगे अंडर ब्रिज तथा पंप हाउस के बीच आवागमन हेतु रोड बनाने, सीधी के सुधीर शुक्ला ने रीवा स्टेशन पर दिव्यांग जन एवं यात्रियों की सुविधा में वृद्धि, रीवा के शंकर साहनी ने रीवा से मुंबई ट्रेन न.02197 को प्रतिदिन चलाने, कटनी के आशीष गुप्ता ने कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5 में सभी श्रेणियों के यात्री प्रतीक्षालय बनवाने, एवं मदन महल के राघवेन्द्र सिंह पटेल ने करोना काल से बंद इटारसी -सतना शटल ट्रेन को पुन प्रारंभ करने, मदन महल स्टेशन पर व्यवस्थित ऑटो स्टैंड का सुचारू संचालन किये जाने का सुझाव दिया। मढ़वासग्राम स्टेशन के पुष्पराज सिंह चौहान ने ललित सिंगरौली रेल लाइन मे रीवा से सीधी खंड का कार्य अतिशीघ्र कराया जाये ताकि सीधी वासियो को रेल सुविधा का लाभ मिल सकें। नरसिंहपुर के सुदर्शन वैध ने गाड़ी क्रमांक 12149/50 पुणे -दानापुर एक्प्रेस का नरसिंगपुर स्टेशन पर स्टोपेज एवं गाड़ी क्रमांक 02131/32 जबलपुर-पुणे एक्प्रेस सप्ताह मे तीन दिन चलाया जाए। श्रीधाम के नंदराम पाठक ने श्रीधाम स्टेशन पर विकलांग व्यक्तियों को प्लैटफार्म पर पहुचने के लिए लिफ्ट की व्यवस्था की जाये। नरसिंगपुर के अमित दुबे ने नरसिंगपुर स्टेशन पर यात्रीयों की सुरक्षा को ध्यान देते हुए आरपीफ स्टाफ बढ़ाने, लिफ्ट के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार सहित शाखा अधिकारी सर्व डॉ.मधुर वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निर्मला गुप्ता, यशवंत कुमार सिन्हा, सुबोध विश्वकर्मा, मनीष कुमार पटेल, रामबदन मिश्रा, मनोज कुमार महावर, मृत्युंजय कुमार, अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह, ग्रेसियस नाजरत, बी पी कुशवाहा एवं अन्य रेलवे कर्मचारी भी उपस्थित थे.बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने किया।



### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

## शहर में जल प्लावन की स्थिति न बनें : महापौर

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर जानकारी ली और सभी अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि शहर के नागरिकों को जलप्लावन से राहत प्रदान करने की दिशा में कोई भी कदम उठाना हो वो तत्परता एवं सख्ती के साथ उठाएँ ताकि उन्हें वर्षाऋतु में कोई असुविधा न हो। महापौर अन्नू ने यह भी निर्देशित किया कि यदि कहीं अतिक्रमणों के कारण वर्षा निकासी अवरोध हो रहा हो तो उन सभी अतिक्रमणों को भी सख्ती के साथ तोड़े जाएँ। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जलप्लावन की स्थिति निर्मित कहीं न हो इसके लिए अतिरिक्त साधन और संशाधनों को लगाकर कार्य कराएँ। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वर्षा जल निकासी के लिए कहीं हयूम पाइप डालनी पड़े तो पाइप डालकर वर्षा जल निकासी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाएँ।बैठक के दौरान महापौर ने वर्षा जल निकासी की व्यवस्था को दुरूस्त करने के साथ-साथ सामान्य साफ-सफाई के कार्ये की भी विस्तार से समीक्षा की और सफाई व्यवस्था में बेहतर कसावट लाने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी बैठक के दौरान निर्देशित किया कि नाला नालियों की सफाई के दौरान यह ध्यान रखें कि शिल्ट पूरी तरीके से निकले और उसे तत्काल उठवाकर प्रसंस्करण स्थल कठौंदा में डिस्पोजल कराएँ। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्ये को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें ताकि उसका लाभ आम नागरिकों को मिल सके। समीक्षा बैठक के दौरान एम.आई.सी. सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी श्रीमती रजनी कैलाश साहू, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सुनील गुजराती, अनिल बारी, अर्जुन यादव, आदि उपस्थि रहे।

## विकास कार्य में जहां-जहां भी अवरोध आ रहे है, उन्हें दूर करें : मंत्री सिंह

### एसीएस विनोद कुमार की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक

जबलपुर।



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में आज संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, कुटीर एवं ग्रामोध्योग एवं प्रभारी जबलपुर संभाग विनोद कुमार ने की। इस दौरान जल गंगा संवर्धन, शाला प्रवेशोत्सव, खरीफ की बोनी, आदान एवं व्यवस्था, एनएचआई के कार्य, जबलपुर में टैक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक के कार्य, वाराणसी में कोरिडोर की समीक्षा, नमामि नर्मदे परियोजना की समीक्षा, जबलपुर मंडी के रीडेंसिफिकेशन, जबलपुर आईटी पार्प, नरसिंहपुर औद्योगिक क्षेत्र चावरपाठा, बगासपुर, बरमान कला, डिंडोरी के औद्योगिक क्षेत्र बरखेड़ा, मंडला औद्योगिक क्षेत्र मोहनिया, पटपरा, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में राज्य सभा सांसद, संभाग के विधायक व विधायक प्रतिनिधि, संभागीय कमिश्नर, सभी कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत और संभागीय अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये गये कार्यों की जिलेवार जानकारी दी गई, जिसमें नवीन व जीर्णेद्धार के कार्य के साथ लागत राशि शामिल थे। साथ ही कुल सृजित मानव दिवस को बताया गया। इसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के जल संरचनाओं के उन्नयन कार्यों की अलग-अलग जानकारी दी गई। स्कूल चले अभियान अतंर्गत शासकीय व अशासकीय स्कूलों में अभी तक दर्ज बच्चों की जानकारी देकर नवीन शैक्षणिक सत्र में अभियान अंतर्गत विद्यालय एवं सामाजिक सहभागिता के दृष्टिकोण से प्रवेशोत्सव, अभिभावक-शिक्षक बैठक, भविष्य से भेंट आदि के संबंध में बताया गया। खरीफ की बोनी आदान एवं व्यवस्था के बारे में संयुक्त संचालक कृषि ने विगत वर्ष के खरीफ की बोनी व वर्तमान खरीफ के रकबा व क्षेत्राच्छादन की तुलनात्मक जानकारी देते हुये खाद बीज की उपलब्धता के बारे में बताया। संबंधित अधिकारी द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अंतर्गत की जाने वाले कार्यों के साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा जबलपुर संभाग में बनाये जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में जबलपुर टेक्सटाइल एवं लॉजिसटिक कलस्टर, वाराणसी मुंबई कॉरिडोर, नामामि नर्मदे परियोजना, जबलपुर आईटी पार्प और संभाग के अन्य जिलो के औद्योगिक क्षेत्रों के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## बेटियों ने बढ़ाया वेटेरिनरी विश्वविद्यालय का गौरव



**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत आने वाले पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर की तीन स्नातक छात्राओं ने भारतीय सेना की रिमाउन्ट वेटेरिनरी कोर में कप्तान के पद पर चयनित होकर विश्विद्यालय एवं महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। ज्ञात हो कि वेटेरिनरी कोर में इस वर्ष पहली बार महिला सैन्य अधिकारियों का चयन हुआ है, पूरे देश में केवल 4 सैन्य अधिकारी चयनित हुई है, इसमें 3 पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर से चयनित हुई है। इस अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कर्नल कमांडेंट प्रोफेसर एस पी तिवारी जी ने अपना शुभाशीष दिया। साथ ही महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आदित्य मिश्र, वेटेरीनरी कमान जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल विवेक मिश्र ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### रानी दुर्गावती मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आज

**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 461वें बलिदान दिवस के अवसर पर शनिवार 22 जून को रानी दुर्गावती मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का पुरूष तथा महिला वर्ग के लिये पृथक-पृथक आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक मोहन शशि एवं सच्चिदानंद शेकटकरएवं महेंद्र विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात 7 बजे धावकों को भंवरताल स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा के सामने से हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगें। पुरूषों की दौड़ प्रतियोगिता भँवरताल से बारहा स्थित दुर्गावती की समाधि तक होगी, वहीं महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता भँवरताल से शारदा चौक तक आयोजित होगी। जबलपुर जिले के धावकों के लिये आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 24 जून को प्रात 9 बजे भँवरताल उद्यान में दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान मित्रसंघ मिलन एवं कारपोरेषन एथलेटिक संघ के सहयोग एवं संयोजन से आयोजित वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर पुरूस्कार वितरित किये जायेगें। इस दिन भी प्रात 7 बजे सभी धावक वीरांगना की समाधि से मषाल लेकर भंवरताल उद्यान आयेगें।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**जबलपुर।** बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने 23 से 25 तक आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के उद्देश्य से गत दिवस मानस भवन में शहरी क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों एवं उपस्थित प्रशिणार्थियों ने रैली निकालकर 0 से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने की नागरिकों से अपील की। प्रशिक्षण कार्यशाला और रैली में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ शत्रुघन दाहिया, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ जलज खरे, एपीएम संदीप नामदेव उपस्थित थे।

### शराब के लिए रुपए नहीं देने पर रॉड से किया हमला

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत खेरमाई मंदिर के पास कजरवारा में तीन बदमाशों ने एक युवक का रास्ता रोके और शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर मारपीट कर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नई बस्ती शिवपुरी कजरवारा निवी 20 साल प्रशांत कुमार जसैल गत रात बिलहरी से काम कर पिंक सिटी के पास मिले विशाल चौधरी के साथ घर जा रहा था। रात करीब 10.30 बजे नीरज के घर के सामने रोड किनारे खेरमाई मंदिर के पास कजरवारा पहुंचे, जहां अविनाश उर्फ पलास ठाकुर, हर्ष वर्षे, ध्रुव खरे तीनों ने उसका रास्ता रोके और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे, पैसे देने से मना करने पर अविनाश उर्फ पलास ने लोहे की रॉड से और उल्टे औजार से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर पर बाये तरफ कान के पास चोटें आ गई है। हर्ष वर्षे एवं ध्रुव खरे ने भी मारपीट कर घायल कर दिया और थाने में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 341, 327, 294, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### काली पट्टी निकालकर रैली निकाली, ऊर्जा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# एफआईआर के बाद अब विद्युत अभियंताओं ने मोर्चा खोला

जबलपुर।



विद्युत मंडल के विजयनगर संभाग में गत 19 जून को हुई तोड़फोड़ के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज होने के बाद भड़का आक्रोश शांत होने का नाम नहीं ले रहा। 20 जून को भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन कर कोतवाली थाने में डीई इमरान खान व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई, इसके बाद विद्युत अभियंता व कर्मचारी मैदान में उतर आए। मीडिया के सामने आए सिटी सर्किल के एसई संजय अरोरा ने कहा कि मामले को नया मोड़ देने की कोशिश की जा रही हैं दरअसल पूरा मामला पार्षद पुष्पेंद्र सिंह की अवैध कालोनी में बिजली चोरी के मामलें से जुड़ा है, पिछले 4 वर्षो के दौरान 4-5 बार पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ बिजली चोरी के मामलें में दर्ज हुए, जिससे 20 से 25 लाख की वसूली के नोटिस दिए गए। राशि जमा नहीं करने पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। जहां तक 19 जून की घटना का सवाल है तो वीडियो इस बात के गवाह है कि ये लोग हमला करने की मंशा से ही आए थे और वहां मौजूद साधारण उपभोक्ताओं को ढाल बनाकर बिजली बिलों का मुद्दा बना लिया। जबकि उपभोक्ताओं से चर्चा करने के लिए अधीक्षण यंत्री खुद मौजूद थे। इस घटना के विरोध में मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के सारे संघ अभियंता संघ, डिप्लोमा इंजीनियर्स ऐसोसिऐशन पत्रोपाधि संघ, यूनाइटेड फोरम मप्रपूक्षेवि कर्मचारी महासंघ एवं जनता यूनियन के पदाधिकारियों ने मिशन कंपाउंड में एकत्रित होकर काली पट्टी लगाकर विरोध स्वरुप जुलूस निकाला और घंटाघर पहुंचकर ऊर्जा मंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया। विद्युत कर्मचारी, अधिकारी अगली रणनीति पर विचार कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद नगरवृत्त के अधीक्षण यंत्री संजय अरोरा ने कहा कि पूरा विद्युत अमला फौज की तरह काम करता है। इस भीषण गर्मी में जब लोग कूलर, पंखे, एसी से बाहर निकलना पसंद नहीं करते, तब हमारा मैदानी अमला खम्बों पर चढ़कर विद्युत व्यवस्था को बहाल करता हैं। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि क्षेत्रीय पार्षद अतुल दानी उपभोक्ताओं के बीच अपनी नेतागिरी जमाने के लिए कर्मचारी, अधिकारियों से अभद्रता से पेश आते है। 6 माह पूर्व एक लालवानी परिवार की बिजली काटी गई थी, तब भी उन्होंने सौ-डेढ़ सौ लोगों के साथ आकर दबाव बनाया था और कर्मचारियों से झूमाझटकी की थी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर में छाया योग का जादू

# योग से भारतीय सभ्यता को दुनिया में पहचान मिली : राकेश सिंह



**जबलपुर।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार की सुबह रानीताल क्रीडांगन परिसर में रिमझिम बारिश के बीच स्वयं और समाज की थीम पर योगाभ्यास किया गया। बारिश की वजह से कार्यक्रम को पहले खुले में आयोजित किया गया था जिसे बारिश की वजह से स्टेडियम के हॉल में शिफ्ट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग के साथ-साथ भारतीय सभ्यता को पूरी दुनिया में पहचान मिली। दुनिया के 180 देशों ने योग को अपनाया। उन्होंने कहा कि योग से रोग भागते है। लोगों को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। इस कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, डॉ.अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संभागायुक्त अभय वर्मा, आईजी अनिल कुशवाहा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, जिला पंचायत सीईओ श्रीमति जयति सिंह, नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और स्कूली बच्चें उपस्थित हुए, सभी ने योगाभ्यास किया। स्वयं व समाज के लिए योग की थीम पर आयोजित योग के इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश के सीधे प्रसारण से हुई।

## विद्युत कंपनियों ने मनाया योग दिवस



एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अभयिंताओं, कार्मिकों व उनके परिजनों के साथ ही शहर के अन्य नागरिकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मुख्य थीम. "स्वयं और समाज के लिए योग" (योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी) का संकल्प लिया। प्रातः 6.30 बजे तरंग प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तीनों सचिव सहित बड़ी संख्या में अभियंता, कार्मिक, उनके परिजन व अन्य नागरिक शामिल हुए।

## पुलिस परेड ग्राउंड में लगा योग शिविर

पुलिस अधीक्षक जबलपुर आदित्य प्रताप सिंह के मार्गनिर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन जबलपुर स्थित परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, सोनाक्षी सक्सेना एवं रक्षित निरीक्षक सहित शहर, ग्रामीण के थानो से 125 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित हुये।

## नशा मुक्ति, पुनर्वास केंद्र में किया गया योगाभ्यास



विश्व योग दिवस के अवसर पर कटंगी बाईपास पर स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास पेंद्र जबलपुर में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था संचालक मनोहर सेन ने कहा योग स्वावलंबन की सनातन परंपरा से जोड़ता है। हमें आत्मनिर्भर बनाता है। हमारा स्वाभिमान बढ़ाता है। हमें स्वावलंबन की सनातन परंपरा से जोड़ता है। इस अवसर पर संस्था के संचालक मनोहर सेन, आशीष श्रीवास, डॉ.दिनेश श्रीवास्तव, शीला पटैल, दिव्यानी वशिनी, अंकुर सेन, ऋषि साहू, दीपेश सेन एवं अन्य उपस्थित थे।



## कृषि विवि में भी मनाया गया योग दिवस

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन, आंचलिक खेल परिसर जवाहर कीड़ांगन में आयोजित किया गया। इस वृहद योग शिविर में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं एवं कृषिनगर निवासियों ने योगाभ्यास किया गया। इसके साथ ही आयोजित 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन भी कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस छायांकन प्रदर्शनी 24 जून को



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती पंचशती समारोह विषय रानी दुर्गावती एवं गोंडवाना साम्राज्य के अवसर पर छायांकन प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय, भंवरताल में 24 जून 2024 को किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा किया जाएगा। रानी दुर्गावती शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि रानी दुर्गावती किला मदन महल से सौ किमी कि परिधि और सौ किमी के बाहर स्थित रानी दुर्गावती के गोंडवाना राज्य के ऐतिहासिक स्थलों के फोटो को इस प्रतियोगिता और प्रदर्शनी में शामिल किया गया है। शोध संस्थान के सचिव डॉ. अतुल दुबे ने बताया कि इस श्रेणी में तीन-तीन श्रेष्ठ छाया चित्रों के प्रतिभागियों को प्रदर्शनी के दौरान पुरस्कृत किया जायेगा।

## योगाचार्य दीपक पटेल ने मनाया गया योग दिवस



**जबलपुर।** योग जीवन फाउंडेशन एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराधरोधी संगठन के तत्वावधान में अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुख सागर मेडिकल कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं के बीच संगठन के जिला अध्यक्ष योगाचार्य एडवोकेट दीपक पटेल एवं उनके साथी योगाचार्य सुमित पांडेय के मार्गदर्शन में आयुष मंत्रालय के दिशा निर्देश पर योग अभ्यास कराया गया। योगाचार्य दीपक पटेल द्वारा आसन, प्राणायाम, ध्यान की क्रिया एवं इसके महत्व को बताया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध रोधी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक सिंह परिहार, कॉलेज की फैकल्टी में राजेश कुमार, स्वामी रजनीश शुक्ला, डीन सविता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री, विधायक मौजूद रहे

## कलेक्ट्रेट में अफसरों का रहा जमावड़ा



**जबलपुर।** सम्भाग के जिलों में चल रहे विकास कार्यों और रुटीन गतिविधियों की जनप्रतिनिधियों के साथ शासन-प्रशासन की समीक्षा के चलते आज अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार ने कलेक्टर कार्यालय के हॉल में सभी से चर्चा की। अपर मुख्य सचिव की उच्च स्तरीय बैठक को लेकर आज सुबह से जबलपुर कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। संभाग स्तरीय समीक्षा के चलते सम्भाग के सभी जिलों के कलेक्टर-एसपी-जिला पंचायत सीईओ और नगर-निगम आयुक्त आदि अधिकारी इस बैठक में शामिल होने जबलपुर आए। बैठक में चूंकि जनप्रतिनिधिों को भी आमंत्रित किया गया, इसके चलते लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सासंद सुमित्रा वाल्मीक एवं कलेक्टर-सीईओ, विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इन्दु, अशोक रोहाणी व अन्य जिलों के विधायक आदि कलेक्ट्रेट पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि चर्चा के क्रम में निर्माण सम्बंधी कार्य, जल जीवन मिशन, ग्रामीण एवं पंचायत राज द्वारा संचालित कार्य एवं योजनाएं, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा, स्मार्ट सिटी, विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अपनी-अपनी अपडेट जानकारी सहित मीटिंग में शामिल हुए। मीटिंग में जबलपुर सम्भाग कमिश्नर अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, जिला पंचायत सीईओ जयतिसिंह, निगमायुक्त प्रीति यादव आदि शामिल रहे। इसके अलावा कटनी, मंडला, डिंडौरी नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों के भी कलेक्टर-एसपी और सीईओ जिला पंचायत सहित नगर- पालिका के अधिकारी आदि मौजूद रहे।



## पूर्व सांसद स्व. शरद यादव की प्रतिमा स्थापित करने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** लोकसभा के पूर्व सांसद, भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री, देश के उत्कृष्ट सांसद रहे, स्व. शरद यादव की कर्मभूमि जबलपुर रही है। शरद यादव ने जबलपुर सहित महाकौशल के लिए अनेक जन हितेषी योजनाओं को जबलपुर में लागू कराया जिससे जबलपुर महाकौशल के गरीब असहाय एवं निर्धन परिवारों को उसका आजीवन लाभ मिलता रहेगा। जबलपुर को महानगर बनाने में स्व. शरद यादव की विशेष भूमिका रही है। शरद यादव विचार मंच ने अम्बेडकर चौक से लगे हुए तहसीली चौक के ललित गार्डन में शरद यादव की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की आवश्यक कार्यवाही हेतु महापौर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष वैजनाथ कुशवाहा, प्रधान महासचिव रामरतन यादव, घनश्याम यादव, किशोरीलाल भलावी, नोखेलाल, सरमन वर्मा, काशीनाथ शर्मा, अरविंद पैगवार, एड. अनुराग सिंह, नेम सिंह, शर्मा, रमेश बोहित, नरेश चक्रवर्ती, प्रमोद सेन, संजय जैन, इन्द्रकुमार पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## प्रथम सिहोरा आगमन पर सांसद आशीष दुबे का जगह जगह स्वागत

**सिहोरा।** जबलपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे के प्रथम सिहोरा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य आत्मीय स्वागत किया।



मझगवा होकर सिहोरा पहुंचे सांसद के स्वागत के लिए सिहोरा खितौला में एक दर्जन से अधिक स्वागत मंच बनाये गये थे जिसे फ्लेक्स बैनर से सजाया गया था। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया।आशीष दुबे के स्वागत के लिए करीब दो दर्जन से अधिक स्वागत मंच बनाये गये थे जिसमें कालेज के पास,बरा मोहल्ला,खितौला तिराहा में अप-डाउनर संघ,श्री टाइल्स,यशराज होटल,सियाराम फ़ार्म हाउस,खितौला मोड़ में शिक्षक संघ,बाबाताल,नगर पालिका मार्ग में जनपद पंचायत,पुराना बस स्टेंड थाने के सामने, को आपरेटिव बैंक के सामने,विजय स्वीट,रेवा पैलेस में लड्डुओं से तौलकर स्वागत,काल भैरव चौक, झंडा बाजार में नगर मंडल के साथ अनेक स्थानों पर पुष्प माला पहनाकर उत्साही कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूरे आयोजन में फ्लेक्स बैनर आदि में वरिष्ठों, महिलाओं की उपेक्षा भी चर्चा का विषय बनी रही वहीं अपने आप को श्रेष्ठ दिखाने की भी होड़ सभी मंचों में स्पष्ट दिखाई दी ।

## एसडीएम शिक्षक बनकर पहुंचे बच्चों को पढ़ाने



**पाटन।** राज्य शासन की मंशा अनुसार एसडीएम मानवेंद्र सिंह सी एम राइज उत्कृष्ट विद्यालय पाटन में भविष्य भेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों को पढाने और स्वयं के अनुभव बताने छात्र छात्राओं के पास पहुंचे और बच्चों से खुलकर आत्मीय भाव के साथ बातचीत की।

## योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें



**पाटन।** लोक शिक्षण संचनालय के आदेश अनुसार 10वां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस जिसमे सुबह 7 से सभी छात्रों ने शिक्षक समुदाय की गणमान्य नागरिक पालक योग पशिक्षक ओम प्रकाश चौहान के मार्गदर्शन में योग अभ्यासक्रम की सभी मुद्राओं का अभ्यास किया एवं प्रत्येक मुद्रा से होने वाले लोगों को सुजाता यादव ने योग के लाभ एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया ओर सभी लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शुभम यादव, सरपंच नारायण यादव, सचिव पालक एव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




**श्रीमति राजकुमारी देवी-** अजय न्यूज एजेंसी के संचालक अजय सिंह की माता श्रीमति राजकुमारी देवी का निधन हो गया है अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।



**श्री हरिशंकर गुप्ता-** व्यापारी प्रकोष्ठ भाजपा के नगर सहसंयोजक सचिन गुप्ता, डॉ संजय गुप्ता, सुजीत गुप्ता के पिता श्री हरिशंकर गुप्ता जी का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम सस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।



**श्रीमती सुशीला द्विवेदी-** विजय नगर निवासी श्री स्व. श्री ए स ए न द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला द्विवेदी का निधन हो गया है। वे अशोक, अरूण एवं अजय द्विवेदी की मां तथा कार्टूनिस्ट राजेश दुबे की बहन थीं। अंतिम यात्रा आज शनिवार को सुबह 9 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती फूलन बाई-** करियापाथर सिद्धबाबा रोड निवासी श्री हीरा लाल की धर्मपत्नी श्रीमती फूलन बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदित्य कुमार झा-** द्वारका नगर कांचघर निवासी श्री आदित्य कुमार झा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा बेन-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री मनोज बेन की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बेन (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शारदा प्रसाद चौधरी-** पुलिस लाइन दुर्गा मंदिर के पास कांचघर निवासी श्री शारदा प्रसाद चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जनार्दन चौबे-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री जनार्दन चौबे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लाल बहादुर-** विक्टोरिया अस्पताल के सामने निवासी श्री लाल बहादुर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती उमा जैन-** अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री दिनेश जैन की धर्मपत्नी श्रीमती उमा जैन (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. माया ठाकर-** दुर्गा नगर भटौली ग्वारीघाट निवासी श्री पंचम सिंह ठाकुर की पुत्री कु. माया ठाकुर (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हरि शंकर गुप्ता-** नेपियर टाउन दद्दा परिसर के पास निवासी श्री हरि शंकर गुप्ता (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश सारसर-** सुमन नगर रिछाई निवासी श्री प्रकाश सारसर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15728452X RANK SIGMS NAME SHINDE SACHIN SUDAM S/O SHINDE SUDAM RAMBHAU UNIT 1 STC, MT COY, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my MOTHER, from name PUNJABAI and date of birth 19/10/1967 (name and date of birth as per my Army service records to name PUNAJABAI SUDAM SHINDE and date of birth 03/08/1964 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 21/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME PUNAJABAI SUDAM SHINDE
INCORRECT NAME-PUNJABAI
CORRECT DATE OF BIRT-03/08/1964
INCORRECT DATE OF BIRTH-19/10/1967

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, SHYAMALI CHATTERJEE W/O DILIP CHATTERJEE R/O VILL- SANKRAIL, PO-SANKRAIL, TEH-HOWRAH, DIST-HOWRAH, (WEST BENGAL)-711313 I, have changed of my name and date of birth from name SAMULI CHATTERJEE and date of birth 01/07/1960 (name and date of birth as per my SON, ARMY NO JC-389623P RANK-SUB NAME- SUBHENDU CHATTERJEE of unit HQ 1 STC, JABALPUR (MP) to name SHYAMALI CHATTERJEE and date of birth 15/02/1968 (name and date of birth as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide affidavit dated 20/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SHYAMALI CHATTERJEE
INCORRECT NAME-SAMULI CHATTERJEE
CORRECT DATE OF BIRTH-15/02/1968
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1960

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15728452X RANK SIGMS NAME SHINDE SACHIN SUDAM S/O SHINDE SUDAM RAMBHAU UNIT 1 STC, MT COY, JABALPUR (MP) I, have changed name and date of birth of my FATHER, from name SHINDE SUDAM RAMBHAU and date of birth 01/06/1961 (name and date of birth as per my Army service records to name SUDAM RAMBHAU SHINDE and date of birth 01/01/1960 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 21/06/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME SUDAM RAMBHAU SHINDE
INCORRECT NAME SHINDE SUDAM RAMBHAU
CORRECT DATE OF BIRT-01/01/1960
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/06/1961

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/58
दिनांक:- 21/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री गुरप्रीत सिंह चौपड़ा (2) श्री रमिंदर सिंह चौपड़ा दोनों के पिता श्री दर्शन सिंह चौपड़ा ने मकान नं. 1328/1 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 61.5 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/62
दिनांक:- 21/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पवन गोपालानी (2) श्री हितेश गोपालानी दोनों के पिता स्व. श्री नारायण दास गोपालानी ने मकान नं. 351 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 565 व.फु. प्रथम तल 322 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/59
दिनांक:- 21/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बल्देवराज आनंद पिता स्व. श्री हर भगवान आनंद ने मकान नं. 2870 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1841 + 1667 व.फु. विक्रय पत्र / खसरा की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/61
दिनांक:- 21/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री विनोद कुमार शर्मा (2) श्री गौतम शर्मा (3) श्रीमति ममता शर्मा (4) श्री कृष्णकांत शर्मा ने मकान नं. 70 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 490 व.फु. प्रथम तल 273 व.फु. शपथ पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**In The Court of VIII Civil Judge Class-1, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer: अंकिता शाही**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000050/2024)
श्रीमति प्रीति दुबे.......................आवेदक Vs
आम जनता,.......................अनावेदक

Process Id-/2024
पेशी दिनांक :- 22/07 /2024

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मप्र (2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति प्रीति दुबे पता ने मृतक आशीष तिवारी निवासी ग्राम पौड़ीकला सिहोरा जबलपुर एस.बी.आई. लाइफ इंशोरेंस कंपनी की दोनो बीमा पॉलिसी की समस्त राशि संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 July 2024 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 July 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण क्रिया जावेगा।
यह आज तारीख 12 Jun 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा

न्यायाधीश
श्रीमति अंकिता शाही
अष्टमं सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जबलपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### सनफार्मा ने टकेडा से किया समझौता

**नई दिल्ली।** फार्मास्युटिकल कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने भारत में एक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दवा के व्यावसायीकरण के लिए टकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस दवा का उपयोग पाचन संबंधी विकारों के उपचार में किया जाता है।

### ई-कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने 66.5 करोड़ डॉलर जुटाए



**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने वित्तपोषण के हालिया चरण में 66.5 करोड़ डॉलर (लगभग 5,560 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। बाजार पूंजीकरण 3.6 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल में लगभग तीन गुना हो गया है। मुंबई के इस स्टार्टअप द्वारा 1.4 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 23.5 करोड़ डॉलर जुटाने के एक वर्ष से भी कम समय बाद यह विशाल धनराशि जुटाई गई है।

### भारतीय परिवारों को भाने लगा सॉफ्ट ड्रिंक



**नई दिल्ली।** पिछले दो साल में औसत भारतीय परिवारों के बीच बोतलबंद सॉफ्ट ड्रिंक की खपत बढ़ी है और बीते वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है। कांतार एफएमसीजी पल्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ इस रुझान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### सब्सिडी-रोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने घरेलू कंपनियों की सुरक्षा के लिए कीटनाशकों में इस्तेमाल होने वाले चीन के रसायन पर प्रतिपूरक शुल्क यानी सब्सिडी-रोधी शुल्क को और पांच साल तक जारी रखने की सिफारिश की है। 'एट्राजीन टेक्निकल' के आयात पर मौजूदा शुल्क को जारी रखने और उसमें संशोधन की जरूरत है।

### बीओएम से सरकार को 857 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 857 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा। बीओएम के प्रबंध निदेशक निधु सक्सेना और कार्यकारी निदेशक आशीष पांडे ने वित्त मंत्री को चेक सौंपा। सचिव विवेक जोशी भी मौजूद थे। 2023-24 के लिए 1.40 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश घोषित किया है।

### वेदांता में 2.5% की हिस्सेदारी बेच सकते हैं अनिल



**नई दिल्ली।** अरबपति अनिल अग्रवाल की वेदांता रिसोर्सेज अगले कुछ हफ्तों में ब्लॉक डील के जरिए वेदांता लिमिटेड में 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रवर्तक समूह करीब 9 करोड़ शेयर बेचकर ब्लॉक डील्स के जरिए करीब 4,000 करोड़ रुपये जुटा सकता है। ब्रिटेन स्थित वेदांता रिसोर्सेज के पास 31 मार्च, 2024 तक छह सहायक कंपनियों के माध्यम से वेदांता में 61.95% हिस्सेदारी थी।

# कृषि संगठनों ने बजट में शोध एवं विकास पर अधिक खर्च, सब्सिडी सुधारों की रखी मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक में कृषि संगठनों और विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कृषि शोध में निवेश बढ़ाने, उर्वरक सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाने और जलवायु परिवर्तन को लेकर कृषि क्षेत्र की जुझारू क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया।

ढाई घंटे चली इस बैठक में कृषि क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए बजट आवंटन को 9,500 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए करने की वकालत की। भारतीय खाद्य एवं कृषि चैंबर के चेयरमैन एम जे खान ने क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'कृषि अनुसंधान एवं विकास में बड़े पैमाने पर निवेश'' की जरूरत पर बल दिया।

## वित्त मंत्री सीतारमण के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक में की मांग

### बिजली में लाभ और आम लोगों को दें कर राहत

सरकार को खुदरा विक्रेताओं के लिए कम लागत वाले कर्ज, सब्सिडी एवं जमीन की दरों के अलावा बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों पर लाभ देना चाहिए। भारतीय खुदरा विक्रेता संघ ने शुक्रवार को आम बजट 2024-25 के लिए सरकार को सौंपे अपने सुझाव में यह बात कही। इसके साथ ही आरएआई ने मांग पैदा करने और खपत बढ़ाने के लिए आम लोगों को कर राहत देने की भी अपील की। भारत में खुदरा व्यापार का हिस्सा देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत है और यह क्षेत्र सीधे तौर पर रोजगार में लगे लोगों की संख्या के लिहाज से कृषि के बाद दूसरे स्थान पर है।



### दिग्गजों ने दिए सुझाव

बैठक में कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी, वरिष्ठ कृषि पत्रकार हरीश दामोदरन और राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र एवं नीति अनुसंधान संस्थान तथा यूनाइटेड प्लांटर्स एसोसिएशन ऑफ साउथर्न इंडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। यह बैठक बजट की तैयारियों के सिलसिले में हुई। सरकार अगले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना वार्षिक बजट पेश करने वाली है।

### सब्सिडी का हो एकीकरण

विशेषज्ञों ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरण के लिए कृषि से संबंधित सारी सब्सिडी का एकीकरण करने और यूरिया के खुदरा मूल्य में वृद्धि करने की भी मांग की। सब्सिडी के माध्यम से जैव-उर्वरकों और पत्तों से बने उर्वरकों को बढ़ावा देने की मांग भी की गई।

### कृषि निधि को करें अलग

भारत कृषक समाज के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने शिक्षा और अनुसंधान के बीच कृषि निधि को अलग करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि कृषि शोध पर मिलने वाला रिटर्न अन्य निवेशों की तुलना में दस गुना अधिक होने के बावजूद बीते दो दशकों में बजट वृद्धि मुद्रास्फीति दरों से पीछे रह गई है।

कृषि क्षेत्र के जानकारों ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने के लिए बनी समिति को भंग करने, भारत के लिए एक नई कृषि नीति लागू करने और केंद्र-प्रायोजित योजनाओं में मानव संसाधन विकास के लिए वित्तपोषण अनुपात को 60:40 से बदलकर 90:10 करने का भी सुझाव दिया।

## स्थानीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली बनी कारण

# शेयर बाजार में थमा तेजी का दौर सेंसेक्स और निफ्टी में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई


वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस, पूंजीगत उत्पाद और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली होने से लगातार छह सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला शुक्रवार को थम गया। इस दौरान दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 269.03 अंक यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर 77,209.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 676.93 अंक गिरकर 76,802 तक आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 65.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,501.10 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 100.1 अंक बढ़कर 23,667.10 के रिकॉर्ड कारोबारी स्तर पर पहुंच गया था। इसके साथ ही शेयर बाजार में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही अपने-अपने रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 217.13 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 35.5 अंक यानी 0.15 प्रतिशत अंक चढ़ा।

### रुपया बढ़कर 83.55 प्रति डॉलर पर बंद

रुपया शुक्रवार को दो महीने के निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले छह पैसे की तेजी के साथ 83.55 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को समर्थन मिला। हालांकि, विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय मुद्रा को अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा के कारण प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय रुपया 83.60 पर खुला और कारोबार के दौरान 83.49 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।



*एफएमसीजी क्षेत्र का प्रदर्शन कमतर रहने की आशंका हावी: जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"मानसून की सुस्त रफ्तार को लेकर चिंताएं गहराने से एफएमसीजी क्षेत्र का प्रदर्शन कमतर रहने की आशंका हावी रही और घरेलू बाजार में हल्की मुनाफावसूली देखी गई।*

### नुकसान में रहीं कंपनियां

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट भारती एयरटेल, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और एनटीपीसी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटा



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही।

# महंगाई थामने में जुटी सरकार देश में गेहूं का पर्याप्त भंडार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

किसानों के बाद केंद्र सरकार का ध्यान अब उपभोक्ताओं पर भी है। खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के एक दिन बाद ही सरकार ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने की पहल की है।

- कालाबाजारी रोकने के लिए दिए निर्देश

कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर सरकार की ओर से खुले बाजार में गेहूं उतारा जा सकता है। देश में गेहूं की कोई कमी नहीं है।

बफर स्टॉक में जरूरत से ज्यादा गेहूं पड़ा है। फिर भी खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामों के बीच अहतियात बरतते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गुरुवार को मूल्यों की समीक्षा के लिए बनाई मंत्रियों की समिति की बैठक हुई, जिसमें गेहूं के बफर स्टॉक औरि बढ़ते मूल्यों की स्थिति पर विस्तार से विमर्श किया गया। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए पहले से ही कारोबारियों को प्रत्येक सप्ताह स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है।



### चार लाख टन ज्यादा हुई गेहूं की खरीद

अमित शाह ने गेहूं समेत अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों पर कड़ी नजर रखने और उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करने का निर्देश दिया। केंद्र सरकार ने चालू वर्ष (2024) में 18 जून तक लगभग 266 लाख टन गेहूं की खरीद की है, जबकि पिछले वर्ष (2023) में यह मात्रा 262 लाख टन थी। स्पष्ट है कि पिछली बार की तुलना में इस बार चार लाख टन ज्यादा गेहूं की खरीदारी हो चुकी है।

### बफर स्टॉक में पर्याप्त भंडार उपलब्ध

सार्वजनिक वितरण प्रणाली और केंद्र सरकार की अन्य कल्याण योजनाओं के लिए प्रतिवर्ष लगभग 184 लाख टन गेहूं की जरूरत पड़ती है। बफर स्टॉक से इसे पूरा करने के बाद जब भी जरूरत होती है तब बाजार में हस्तक्षेप के लिए सरकार सस्ते दाम पर गेहूं बेचती है।

- तुअर, उड़द और मसूर की खरीद करने की प्रतिबद्धता जताई

# सरकार उत्पादन बढ़ाने एमएसपी पर दालों की खरीद के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात कम करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तुअर, उड़द और मसूर की खरीद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

इस कदम का उद्देश्य फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना और वर्ष 2027 तक दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ एक 'ऑनलाइन' बैठक की अध्यक्षता करते हुए चौहान ने किसान पंजीकरण के लिए सहकारी समितियों नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से ई-समृद्धि पोर्टल के शुरू किये जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'हम राज्य सरकारों से आग्रह करते हैं कि वे सुनिश्चित खरीद का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक किसानों को इस पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।' एक सरकारी बयान में कहा गया कि मंत्री ने वर्ष 2015-16 से दलहन उत्पादन में 50 प्रतिशत की वृद्धि के लिए राज्यों की प्रशंसा की, लेकिन प्रति हेक्टेयर उपज में सुधार के लिए और प्रयास करने का आह्वान किया।

# ई-कामर्स उद्योग में बढ़ेगी सात लाख नौकरियां, बढ़ी कर्मचारियों की डिमांड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2023 की दूसरी छमाही में ई-कामर्स उद्योग में सात लाख गिग नौकरियां सृजित हो सकती हैं। इसका कारण यह है कि कंपनियां त्योहारी सीजन के दौरान ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए अस्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़ा रही हैं।

स्टाफिंग कंपनी टीमलीज सर्विसेज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कामर्स कंपनियों त्योहारी सीजन से पहले वार्षिक खरीदारी के दौरान उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करने के लिए कमर कस रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष त्योहारी सीजन में पिछले वर्ष के मुकाबले गिग नौकरियों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इससे संकेत मिलता है कि ई-कामर्स उद्योग परिदृश्य को लेकर काफी आशावादी है। फेस्टिव सीजन के दौरान न केवल बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई जैसे टियर-1 शहरों में गिग वर्कर्स की मांग बढ़ेगी, बल्कि वड़ोदरा, पुणे और कोयंबटूर जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी इनकी संख्या में वृद्धि होगी।



- पिछले वर्ष के मुकाबले गिग नौकरियों की संख्या में 25 प्रतिशत की होगी वृद्धि

## राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया

# कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति लगभग स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः सात प्रतिशत एवं 7.02 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03 प्रतिशत और 6.96 प्रतिशत रही थीं।

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मई, 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल के लिए 5.99 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84 प्रतिशत थे। बयान के अनुसार, कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर सात प्रतिशत रही। एक माह पहले अप्रैल में यह 7.03 प्रतिशत थी।

वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कुछ बढ़कर 7.02 प्रतिशत रही। यह अप्रैल, 2024 में 6.96 प्रतिशत थी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। अप्रैल, 2024 में कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई 1,263 अंक जबकि ग्रामीण कामगार के लिए 1,275 अंक था।

- अप्रैल में ये दोनों 7.03 प्रतिशत और 6.96 प्रतिशत रही थीं
- कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर सात प्रतिशत रही



### सूचकांक को बढ़ाने वाली वस्तुएं

श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक को बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि शामिल हैं। राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया। बिहार में सीपीआई कृषि श्रमिक और ग्रामीण कामगार, दोनों में गिरावट देखी गई। जम्मू-कश्मीर में कृषि श्रमिकों का सूचकांक स्थिर रहा।

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग जिला - अनूपपुर**
**अधिसूचना**

क्रमांक-2464/10/फा. / भू-अर्जन / 2024 अनूपपुर, दिनांक-13/06/2024

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न सूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (7) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र. - 1, डिंडौरी (म.प्र.) द्वारा शीघ्र शुरू किये जाने हेतु शासन निर्देश के तारतम्य में सामाजिक समाघात अध्ययन से छूट के लिये अधिनियम की धारा-40 के तहत कार्यवाही चाही गई है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-09 के तहत अत्यावश्यकता की दशा में सामाजिक समाघात अध्ययन रिपोर्ट से छूट प्रदान करते हुये अधिनियम 2013 की धारा-11 के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्ति को इस आशय की सूचना दी जाती है, राज्य शासन के द्वारा अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत किया जाता है :- **अनुसूची**

| जिला | तहसील | ग्राम का नाम एवं प.ह.नं. | सर्वे नंबर | भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित निजी रकबा (हेक्टर में) | निर्माण कार्य एजेंसी का नाम | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| अनूपपुर | पुष्पराजगढ़ | रौसरखार प.ह.नं. 166 | 353/1 | 1.044 | कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्र. - 1 डिंडौरी | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत अपर नर्मदा परियोजना के बांध निर्माण कार्य हेतु |
| | | | 353/2/1 | 0.405 | | |
| | | | 353/2/2 | 0.405 | | |
| | | | 353/2/3/1 | 0.202 | | |
| | | | 353/2/3/1 | 0.202 | | |
| | | | 353/2/3/2/2 | 0.101 | | |
| | | | 353/3/1 | 1.086 | | |
| | | | 353/3/2/1 | 0.116 | | |
| | | | 353/3/2/2 | 0.607 | | |
| | | | 353/3/2/3 | 0.182 | | |
| | | | 353/3/2/4 | 0.182 | | |
| | | | 385/1 | 0.473 | | |
| | | | 385/2/1 | 0.238 | | |
| | | | 385/2/2 | 0.239 | | |
| | | | 385/3 | 0.473 | | |
| | | | 385/4 | 2.023 | | |
| | | | 386/1/1 | 1.118 | | |
| | | | 386/1/2 | 1.119 | | |
| | | | 386/2/1 | 1.011 | | |
| | | | 386/2/2 | 1.012 | | |
| | | | 387 | 1.449 | | |
| | | | 388 | 0.854 | | |
| | | | 389 | 1.509 | | |
| | | | 390 | 0.388 | | |
| | | | 391/1 | 0.186 | | |
| | | | 391/2/1 | 0.563 | | |
| | | | 391/2/2 | 0.326 | | |
| | | | 391/2/3 | 0.325 | | |
| | | | 391/3 | 0.308 | | |
| | | | 392/1 | 1.036 | | |
| | | | 392/2 | 1.619 | | |
| | | | 392/3 | 0.405 | | |
| | | | 392/4 | 1.619 | | |
| | | | 393 | 0.291 | | |
| | | | 395 | 0.231 | | |
| | | | 396 | 0.081 | | |
| | | | 397 | 1.254 | | |
| | | | 398 | 0.129 | | |
| | | | 399/2 | 0.202 | | |
| | | | 399/3 | 0.162 | | |
| | | | 399/4 | 0.121 | | |
| | | | 399/5 | 0.162 | | |
| | | | 400 | 0.340 | | |
| | | | 401 | 0.559 | | |
| | | | 402 | 0.619 | | |
| | | | 403/1/2 | 0.202 | | |
| | | | 403/2/1 | 0.405 | | |
| | | | 403/2/2/1 | 0.203 | | |
| | | | 403/2/2/2 | 0.202 | | |
| | | | 403/3/1 | 0.510 | | |
| | | | 403/3/2 | 0.405 | | |
| | | | 403/4/1 | 0.607 | | |
| | | | 403/4/2 | 0.607 | | |
| | | | 403/5/1 | 0.051 | | |
| | | | 403/5/2 | 0.051 | | |
| | | | 403/5/3 | 0.050 | | |
| | | | 403/5/4 | 0.050 | | |
| | | | 403/6/1 | 0.040 | | |
| | | | 403/6/2 | 0.040 | | |
| | | | 403/6/3 | 0.041 | | |
| | | | 403/6/4 | 0.041 | | |
| | | | 405/1 | 1.335 | | |
| | | | 405/2/1/1 | 0.121 | | |
| | | | 405/2/1/2 | 0.809 | | |
| | | | 405/2/2 | 0.405 | | |
| | | | 405/3 | 0.405 | | |
| | | | 406/1 | 0.159 | | |
| | | | 406/2 | 0.159 | | |
| | | | 406/3 | 0.159 | | |
| | | | 406/4 | 0.160 | | |
| | | | 406/5 | 0.161 | | |
| | | | 406/6 | 0.160 | | |
| | | | 406/7 | 0.319 | | |
| | | | 406/8 | 0.319 | | |
| | | | 406/9 | 0.319 | | |
| | | | 406/10 | 0.479 | | |
| | | | 406/11 | 0.479 | | |
| | | | 407/1/1 | 0.116 | | |
| | | | 407/1/2 | 0.117 | | |
| | | | 407/1/3 | 0.117 | | |
| | | | 407/1/4 | 0.117 | | |
| | | | 407/1/5 | 0.117 | | |
| | | | 407/1/6 | 0.117 | | |
| | | | 407/1/7 | 0.095 | | |
| | | | 407/1/8 | 0.095 | | |
| | | | 407/1/9 | 0.095 | | |
| | | | 407/1/10 | 0.416 | | |
| | | | 407/1/11 | 0.351 | | |
| | | | 407/1/12 | 0.351 | | |
| | | | 407/2/1 | 0.351 | | |
| | | | 407/2/2/1 | 0.607 | | |
| | | | 407/2/2/2 | 0.607 | | |
| | | | 407/2/3 | 0.321 | | |
| | | | 407/2/4 | 0.405 | | |
| | | | 407/2/5 | 0.405 | | |
| | | | 408/1 | 0.284 | | |
| | | | 408/2/1 | 0.506 | | |
| | | | 408/2/2 | 0.506 | | |
| | | | 408/2/3 | 0.506 | | |
| | | | 408/2/4 | 0.505 | | |
| | | | 408/3/1/1 | 0.270 | | |
| | | | 408/3/1/2 | 0.270 | | |
| | | | 408/3/1/3 | 0.270 | | |
| | | | 408/3/1/4 | 0.269 | | |
| | | | 408/3/1/5 | 0.269 | | |
| | | | 408/3/1/6 | 0.271 | | |
| | | | 408/3/2/1 | 0.405 | | |
| | | | 408/3/2/2 | 0.404 | | |
| | | | 408/4/1 | 0.405 | | |
| | | | 408/4/2 | 0.404 | | |
| | | | 408/4/3 | 0.405 | | |
| | | | 408/4/4 | 0.405 | | |
| | | | 408/5/1 | 0.405 | | |
| | | | 408/5/2 | 0.404 | | |
| | | | 417/1/1 | 0.267 | | |
| | | | 417/1/2 | 0.267 | | |
| | | | 417/1/3 | 0.268 | | |
| | | | 417/1/4 | 0.268 | | |
| | | | 417/1/5 | 0.268 | | |
| | | | 417/1/7 | 0.401 | | |
| | | | 417/1/8 | 0.401 | | |
| | | | 417/1/9 | 0.401 | | |
| | | | 417/1/10 | 0.402 | | |
| | | | 417/1/11 | 0.803 | | |
| | | | 417/1/12 | 0.166 | | |
| | | | 417/2 | 0.405 | | |
| | | | 417/3/1 | 0.607 | | |
| | | | 417/3/2 | 0.607 | | |
| | | | 440/2/1/1 | 0.810 | | |
| | | | 440/2/1/2 | 0.809 | | |
| | | | 440/2/2 | 0.809 | | |
| | | | 440/3 | 0.809 | | |
| | | | 441 | 6.548 | | |
| | | | 442/2 | 0.454 | | |
| | | | 443/2 | 1.214 | | |
| | कुल | कृषक-135 | | 65.311 | | |


आशीष वशिष्ठ
कलेक्टर अनूपपुर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-12138/24

## चिंतन

# कश्मीर से योग कर पीएम का विश्व को शांति के संदेश

आज पूरी दुनिया योगमय हुई। विश्व ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इन दस वर्षों में दुनिया में योग की स्वीकार्यता बढ़ी, लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ी, योग के अनेक रूपों का विस्तार भी हुआ। जो योग पहले भारत तक सीमित था, उसमें भी कुछेक संपन्न लोगों तक था, आज यह वैश्विक है, आम लोगों के बीच भी लोकप्रिय है। भारत की पहल पर ही संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। कोरोना महामारी के बाद लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी, इसके बाद लोगों के खानपान की आदतें बदलीं, लोग योग व व्यायाम के प्रति आकर्षित हुए। आज योग के जरिये विश्व में करोड़ों लोग रोजगार भी पा रहे हैं और लाभान्वित भी हो रहे हैं। बड़ी बात है कि इस्लामिक देशों ने भी योग को खुले दिल से अपनाया है। भारत में देश भर में हजारों कार्यक्रम योग के हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर कर आतंकवादियों और आतंकपरस्तों को खुला संदेश दिया है। अभी कुछ दिन पहले ही कश्मीर में एक के बाद एक चार आतंकी हमले हुए हैं। जिस दिन मोदी सरकार ने शपथ ली, उसी दिन आतंकवादियों ने कश्मीर में तीर्थयात्रियों से से भरे बस पर हमला किया। कश्मीर में कई आतंकी हमले के बाद से सरकार सख्त है और सुरक्षा कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं, ऑपरेशन क्लीन पहले से जारी है। प्रधानमंत्री ने कश्मीर में योग दिवस मनाकर सबको शांति का संदेश दिया, आतंक के डर पैदा करने के मंसूबे पर पानी फेरा। भारत आतंकवाद के खिलाफ चार दशक से जंग लड़ रहा है। अब आतंकवाद आखिरी सांसें गिन रहा है। योग दिवस पर प्रधानमंत्री दुनिया को संदेश भी दिया कि योग वैश्विक भलाई का एक शक्तिशाली माध्यम है। योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। अल्लाह, ईश्वर या गॉड को प्राप्त करने का, उससे साक्षात्कार करने का ये कार्यक्रम है, यह योग का एक ध्येय है। योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है, और जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। तुर्कमेनिस्तान, सऊदी अरब, मंगोलिया और जर्मनी में योग की प्राचीन विधाएं वहां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और वहां लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। फ्रांस की 101 वर्षीय महिला शारलोट चोपिन अपने देश में योग को लोकप्रिय बना रही है। भारत सरकार ने उनको योग में उनकी सेवाओं के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया। योग के वैश्विक स्तर पर प्रसार से इसके बारे में धारणा में बदलाव आया है, क्योंकि इसके बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल करने के लिए बड़ी संख्या में लोग भारत की यात्रा कर रहे हैं। योग मानव जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' है। योग में जोड़ने की शक्ति है, खुद से, समाज से और ब्रह्मांड से। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।



दिल्ली जल संकट

योगेश कुमार सोनी

# पानी पर नहीं हो राजनीति

> दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रहा है। दिल्ली जल संकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है।

देश की राजधानी इस समय बड़े संकट से गुजर रही है। दिल्ली में पानी की कमी होने के कारण दिल्लीवासी बहुत परेशान हैं। ज़रूरत के हिसाब से लगभग 25 से 30 फीसदी पानी की उपलब्धता कम हो गई है। इसका असर यह हुआ है कि दिल्ली के झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके के अलावा पॉश कॉलोनियों में भी लोगों को पानी के लिए बाल्टी लेकर व्यवस्था करनी पड़ रही है। दिल्ली के सबसे पॉश एरिया लुटियन जोन में भी कई इलाकों को इस समय पानी के टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली का जल संकट वर्षा शुरू होने के बाद ही सुधरेगा। फिलहाल तेज गर्मी से अभी कई दिनों तक राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है और इस जल संकट को लेकर हाल ही में हुई मीटिंग में पड़ोसी राज्यों से जल उपलब्धता पर कोई सहमति नहीं बनी। दिल्ली पानी की आपूर्ति के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को पानी की अगाध आपूर्ति होती रही है। इस बार पानी की उपलब्धता में कमी राजनीतिक वजह से अधिक प्रतीत हो रही है, हालांकि हरियाणा खुद भी जल संकट का सामना कर रहा है।

इस आधार पर स्पष्ट है हो जाता है कि यह जल संकट कई दिनों तक बने रहने की संभावना है। हम इन सारी बातों से पूरी स्थिति से अवगत हो गए और जल संकट से रोज लड़ने को तैयार हैं, लेकिन इस मामले में केन्द्र व राज्य सरकार अपनी कितनी गंभीरता दिखा रही है यह स्थिति देखकर लग रहा है। हर रोज बहुत आसानी से मीडिया में बयान देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाकर अपना-अपना बचाव कर रहे हैं। आम लोगों की मजबूरी कोई नही समझ रहा। पानी सर्वाधिक दैनिक जरूरत है, इसके बिना जिंदगी की कल्पना करना मुश्किल है। दिल्ली सरकार जो किसी भी मामले में दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने में माहिर है,उसका कहना है कि हरियाणा सरकार हमें पानी नहीं दे रहा। बताया जा रहा है हिमाचल से पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन हरियाणा सरकार नहीं दे रही, लेकिन वहीं इस बात को खारिज करते हुए हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अभय सिंह यादव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से पानी नहीं मिला। अभय ने कहा कि यदि हरियाणा को हिमाचल प्रदेश से पानी मिलता है, तो वह तुरंत उसे दिल्ली की ओर भेज देगा। यह तो राज्यों की बीच की कहानी है लेकिन आश्चर्य यह है कि इस मामले को लेकर केन्द्र सरकार कोई भी प्रतिक्रिया न देकर किसी भी प्रकार के समाधान पर बात नहीं कर रही है। दिल्ली जलसंकट पर केंद्र की चुप्पी खल रही है, जैसा कि दिल्ली एक केन्द्रीय शासित राज्य है और इसलिए बहुत सारे मामलों में जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की बनती है तो,क्यों इसका समाधान नहीं निकाला जा रहा। जबकि जल शक्ति मंत्रालय केन्द्र के हाथ में हैं बावजूद इसके, आखिर दिल्ली की जनता को क्यों परेशान हो रही है। क्या अलग-अलग इंजन की सरकार होने की वजह से ऐसा किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को यह भी समझना चाहिए कि हाल ही में दिल्ली में हुए लोकसभा चुनाव में जनता सातों सीटें उन्हें जिताई है। ऐसे में जनता के प्रति इन सांसदों कीiii



जिम्मेदारी बनती है। जल संकट मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्यों व केन्द्र सरकार के बीच कोई भी बैठक नहीं हुई। अंतरराज्यीय मामला होने के चलते केंद्र सरकार को देखना चाहिए कि किसी राज्य में संकट आने के बाद पड़ोसी राज्यों से कैसे आपूर्ति करा सकती है। किसी भी घटना से लगातार ग्रसित होने से जनता बागी हो जाती है और फिर समाज में संदेश गलत जाता है। यह वैसे भी देश की राजधानी है जहां देश के प्रधानमंत्री के अलावा देश के सभी बड़े-छोटे मंत्री रहते हैं। जहां एक ओर हम डिजिटल युग में होने की हुंकार भरते हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसी दुर्लभ तस्वीर देखकर असहनीय पीड़ा का एहसास होता है। क्या आज पानी जैसी बुनियादी चीज के लिए तरसते अच्छे लगते हैं।

पानी को लेकर हरियाणा में एक व्यक्ति की मौत हो गई तो वहीं दिल्ली में लोग एक बाल्टी पानी के लिए एक-दूसरे को जान से मारने पर उतारू हो जाते हैं। कई जगहों पर लडाई हुई जिसमें एक शख्स का सिर तक फट गया। इस मामले में हर किसी को अपना किरदार ईमानदारी से निभाना होगा। जैसा कि दिल्ली में जल संकट की स्थिति हर वर्ष ऐसी ही रहती है तो दिल्ली सरकरा को पहले से तैयारी या पड़ोसी राज्यों से बातचीत करनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली के जल संकट का सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां पर पर्याप्त जल क्षेत्र नहीं है। कभी दिल्ली के कुल 1500 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में लगभग 18 वर्ग किलोमीटर इलाका जल क्षेत्र हुआ करता था। इसमें भी सबसे अधिक हिस्सा यमुना के बहाव क्षेत्र का हुआ करता था। एक जमाने में यह जल क्षेत्र लोगों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त हुआ करता था। लेकिन कई लोगों ने यमुना के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण कर घर बनाना शुरू कर दिया और यह अब थोड़े बहुत नहीं बहुत अधिक बन गए और हर रोज वहां कब्जा होता जा रहा है, जिसको लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। इस दौरान दिल्ली की यमुना खादर मे रह रहे लोगों को बाहर आना पड़ा और जब यह बाहर आए तो प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए थे चूंकि उनको बिल्कुल भी अंदाजा नही था कि इतने लोग यमुना खादर में इतने लोग रहे थे। जब उन लोगों को बाहर निकाल कर सड़कों के किनारे शिफ्ट किया गया तो ऐसा लगा कि कोई कॉलोनी बस गई हो। अब समझिए कि यहां दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से शेष जल क्षेत्र भी अतिक्रमण का शिकार हुए जिससे जल क्षेत्र सिकुड़ गया। इसका यह असर हुआ है कि दिल्ली का भूगर्भीय जल स्तर भी बहुत कम हो गया है। जब पानी एकत्रित होने की जगह मनुष्य ले लेंगे तो सृष्टि का नष्ट होना व मानव जीवन पर प्रहार होना तय है। दरअसल यहां सारा खेल वोट बैंक का है। राज्य सरकार इनके आधार कार्ड व वोटर आईडी बना देती है और समय आने पर उनके मत का प्रयोग करती है। जबकि जो लोग यहां आकर बसे हैं उनका इतिहास किसी को स्पष्ट नहीं पता। कोई कहता है यह काम की खोज में बाहरी राज्यों से आ लोग हैं तो कोई इनके विषय में अन्य अलग-अलग कारण बताता है लेकिन कारण कोई भी हो यहां रह रहे लोगों ने अपनी पूरी कॉलोनी सी बना ली जो बेहद रिस्की भी है, चूंकि यदि अचानक यहां पानी आ जाए तो कई लोगों की जान जा सकती है चूंकि बाढ़ के समय पर यहां फंसे लोगों को निकाला था तो इस बात का एहसास हुआ था। बहरहाल,दिल्ली की हाल की स्थिति के लिए सभी को राजनीति छोड़कर जनता के लिए पानी की व्यवस्था करनी होगी चूंकि अब पानी कम होने की वजह से पानी सर के ऊपर जा रहा है। राजनीति करने के लिए तमाम मुद्दे हैं लेकिन पानी जैसे बुनियादी चीज के लिए जनता तरसे तो यह सभी राजनीतिक दलों के लिए बेहद बेशर्मी की बात है चूंकि जल मानव जीवन का पर्यायवाची है और इंसान इसके बिना जिंदा नहीं रह सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## कबीर जयंती

डॉ. अशोक कुमार भार्गव



# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत

भारतीय चिंतन परम्परा में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कबीर का चिंतन सामाजिक जड़ता, अराजकता, जन्म के आधार पर भेदभाव, साम्प्रदायिकता, अस्पृश्यता और उंच-नीच जैसी अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ शंखनाद है। वे ऐसे आदर्श मानवीय समाज की परिकल्पना करते हैं जहां सामाजिक समरसता पर आधारित मानवीय धर्म की प्रतिष्ठा हो। कहा जाता है कि काशी में लहरतारा तालाब पर नीरू तथा नीमा नामक जुलाहा दंपति को एक नवजात शिशु अनाथ रूप में प्राप्त हुआ। इन दोनों ने बालक का पालन पोषण किया जो संत कबीर के नाम से विख्यात हुए। निम्न और वंचित समझी जाने वाली जुलाहा जाति में पलकर भी तत्कालीन धर्म के दिग्गज पंडितों, मौलवियों को एक ही साथ फटकार सकने में समर्थ कबीर ने 'मसी' और 'कागद' न छूकर तथा कलम हाथ में न पकड़ कर भी केवल प्रामाणिक अनुभव के बल पर जो कुछ कहा उसे सुनकर बड़ी-बड़ी पोथियों के अध्येता भी चकित रह गए। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रणेता कबीर ने निराकार ब्रह्म के उपासक होकर भी अपने प्रियतम के वियोग में जो चिरंतन व्याकुलता प्रकट की, वह किसी भी सगुणोपासक अथवा प्रेमोपासक की विकलता से कहीं अधिक मार्मिक तीव्र एवं गहन बन गई। संत कबीर का उद्भव जिन युगीन परिस्थितियों मे हुआ वे अत्यंत संकीर्ण, विषम और विसंगति पूर्ण थी। उत्तर भारत में मुस्लिम साम्राज्य अपनी जड़ें पूरी तरह जमा चुका था। तुर्क, अफ़गान, खिलजी, तुगलक, सैयद लोदी वंश अपने-अपने काल में इन जड़ों को और




गहरा बनाने में कामयाब रहे। हिंदुओं के छोटे-छोटे राज्य भी अब समाप्त हो चुके थे। राजनीतिक दृष्टि से हिंदुओं में अब कोई शक्ति शेष नहीं थी। धार्मिक क्षेत्र में भी भेदभाव का साम्राज्य था। देश के पूर्वी भागों में वज्रयानी सिद्धों के तंत्र-मंत्रों का और पश्चिमी भाग में नाथ संप्रदाय के हठयोग का प्रभाव था। हिंदू धर्म वैष्णव, शैव और शाक्त संप्रदायों में विभक्त था और इन धर्म साधनाओं में परस्पर प्रबल विरोध और संघर्ष की स्थिति थी। हिंदुओं में मूर्ति पूजा प्रचलित थी। एकेश्वरवादी इस्लाम मूर्ति पूजा विरोधी था। इस्लाम के साथ सत्ता थी उनमें ऊंच, नीच का भेद नहीं था। कुछ वर्गों में सांप्रदायिक कट्टरता एवं संकीर्णता पनप रही थी। समाज में धर्मगत, जातिगत, वर्णगत संप्रदाय गत विषमताएं विकट थीं। फलस्वरूप समाज का निम्न और अछूत वर्ग शोषण, उत्पीड़न, उपेक्षा, अपमान और सामाजिक धार्मिक निर्योग्यताओं का शिकार होने से इनमें आक्रोश, असंतोष और विक्षोभ प्रबल हो रहा था।

ऐसी विषम स्थिति में कबीर की क्रांत दर्शिता विभिन्न मतवादों को समन्वित कर 'सूप' का स्वभाव लेकर उभरी जो किसी भी मत और संप्रदाय के 'थोथे' तत्व को उड़ा सकने एवं उसके सार तत्व को ग्रहण कर सकने में समर्थ है। यही कारण है कि उनकी बानियां लोक मंगल की भावना से प्रेरित लोकमंगल की साधना को समर्पित है। कबीर का चिंतन आचरण शुद्धि, लोक कल्याण, सांप्रदायिक सद्भाव तथा दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन पर केंद्रित है। कबीर ने तत्कालीन समाज में फैले कर्मकांडों, पाखंडों, जातिगत भेद-भावों अंधविश्वासों, बाह्यचारों और सामंती व्यवस्था की खुलकर आलोचना की। हिंदू हो या मुसलमान पंडित हो या मौलवी सबको समान रूप से फटकार लगाई। कबीर ने मुसलमान की हिंसात्मक प्रवृत्ति की निंदा की। मूर्ति पूजा का खंडन किया। हिंदुओं को मुसलमान बनाने के विरुद्ध बगावत की।माला जपने, जप तप करने, व्रत रखने, रोजे रखने, मस्जिद में बांग लगाने आदि अनेक पाखंडों की आलोचना की। कबीर ने 'जाति-पांति पूछे नहि कोई। हरि को भजै सो हरि को होई' कहकर समाज को एक नई दिशा दी।

कबीर की कटु आलोचनाओं से समाज के ठेकेदारों के निहित स्वार्थ जब प्रभावित होने लगे तो इन्होंने बादशाह सिकंदर लोदी से शिकायत की। काजियों ने कहा कि कबीर लोगों को इस्लाम के विरुद्ध नसीहत देते हैं जिससे मुसलमान हिंदुओं की तरह ध्यान और भजन करने लगे हैं। पंडितों ने कहा कि कबीर परंपरा से चले आ रहे धार्मिक और सामाजिक नियमों का खंडन करते हैं। लोगों को ऐसे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं जिसे न हिंदू कहा जा सकता है न मुसलमान। बादशाह ने कबीर को ऐसा न करने का आदेश दिया। किंतु कबीर झुके नहीं और निर्भय होकर कहा कि पारस्परिक मतभेदों में समन्वय कर यदि जीवन को सार्थक बनाने योग्य समता मूलक सच्चे सिद्धांतों पर अमल किया जाए तो इसमें क्या दोष है? धर्म के ठेकेदारों को यह मंजूर नहीं था। कबीर के निर्भयता के पीछे उनके अनुभव की प्रामाणिकता, ईमानदारी, सच्चाई और नैतिकता कार्य कर रही थी।

(लेखक मोटिवेशनल स्पीकर, स्वतंत्र लेखक एवं पूर्व आईएएस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित

## दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

# भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

## प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## सटाका




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*– पवन साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### प्रभावित किया



श्रीनगर में मुझे जम्मू-कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं से मिलने का अवसर मिला, जो स्टार्टअप में अग्रणी काम कर रहे हैं। उनसे बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। उनमें राष्ट्र और समाज के उत्थान की भावना ने मुझे बहुत प्रभावित किया। युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### योग एक विज्ञान



योग एक विज्ञान है, और यदि आप चाहें तो एक कला रूप है जिसके साथ आप अपनी व्यक्तिगत प्रकृति को उसकी अंतिम संभावना तक प्रकट कर सकते हैं और एक सचेतन ग्रह का निर्माण भी कर सकते हैं। योग में बहुत शक्ति है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### एकदम सही वक्त



दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज को पार करने वाली पहली ट्रेन। चूंकि यह योग दिवस है, यह यह दर्शाने के लिए एकदम सही वक्त है कि हमारा बुनियादी ढांचा जितना संभव हो सके आसमान की ओर बढ़ रहा है।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### अपराधियों के हौसले बुलंद




आपके योगा मैट की शक्ति आपकी सोच से कहीं अधिक है। इसे एक दिन, एक समय लो। यह केवल अभ्यास से ही बेहतर होता जाता है। झुकते रहें ताकि आप टूटें नहीं। फलदार पेड़ हमेशा झुके होते हैं।

-निकिता दत्ता, अभिनेत्री

## करंट अफेयर


# बेटे की शादी के लिए बिचौलिये भंडारी को मिली छूट



लंदन। कर चोरी और धन शोधन के आरोपों में भारत प्रत्यर्पित किए जाने से संबंधित मुकदमे का सामना कर रहे रक्षा क्षेत्र के बिचौलिये संजय भंडारी की जमानत शर्तों में शुक्रवार को ढील दी गई, ताकि वह अपने बेटे की शादी में शामिल हो सके। यह शादी दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के एक होटल में होगी। भंडारी (62) ने इस वर्ष के प्रारंभ में लंदन के उच्च न्यायालय में अपने प्रत्यर्पण आदेश के विरुद्ध अपील करने की अनुमति प्राप्त की थी। उसने अपने वकीलों के माध्यम से शहर के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट न्यायालय में आवेदन कर कहा था कि उसे 7 से 11 जुलाई के बीच लंदन में एक होटल में रहने की अनुमति दी जाए। प्रत्यर्पण कार्यवाही में भारतीय प्राधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली 'क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस' (सीपीएस) के साथ हुए समझौते के तहत, प्रत्यर्पण अपील जारी रहने तक भंडारी की जमानत शर्तों में कुछ बदलाव किए गए हैं। न्यायाधीश ब्रियोनी क्लार्क ने का, "7 से 11 जुलाई के बीच जमानत में ढील दी जाएगी।"नवंबर 2022 में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के बाद पिछले साल ब्रिटेन की तत्कालीन विदेश मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने भारत में कानूनी कार्यवाही का सामना करने के लिए भंडारी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था।

## ऑफ बीट

# कंगारू के दांत हमेशा बढ़ते हैं उनकी उम्र-लिंग का रिकॉर्ड रखते



मेलबर्न। (द कन्वरसेशन) आप किसी जंगली जानवर की उम्र का पता कैसे लगाते हैं? कुछ ऑस्ट्रेलियाई मार्सुपियल्स के लिए, हमने पता लगाया है कि आप उनके दांतों से उनकी उम्र बता सकते हैं। विलियम पार्कर और एलिस्टेयर इवांस, मोनाश विश्वविद्यालय में शोध किया गया है। यहां के शोधकर्ताओं ने कहा, आर्काइव्स ऑफ ओरल बायोलॉजी में प्रकाशित एक नए पेपर में, हम दिखाते हैं कि कंगारुओं के सामने के दांत कई अलग-अलग तरीकों से उनकी उम्र दर्ज करते हैं – और वे हमें यह भी बता सकते हैं कि कंगारू नर है या मादा। किसी जंगली जानवर की उम्र का पता लगाना पशु चिकित्सकों, पारिस्थितिकीविदों और संरक्षणवादियों के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। वन्यजीव कल्याण और आबादी के समग्र स्वास्थ्य का आकलन दोनों ही जानवरों की उम्र जानने पर निर्भर करते हैं। चूंकि कोई भी जन्मदिन नहीं गिनता, इसलिए वैज्ञानिक अक्सर जंगली जानवरों के दांतों की मदद से यह पता लगाते हैं कि उनकी उम्र कितनी है। ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश मार्सुपियल्स डिप्रोटोडोंटिया नामक समूह के सदस्य हैं। यह नाम उन जानवरों को संदर्भित करता है जिनके निचले जबड़े में बड़े, सीधे कुतरने वाले दांत होते हैं। कंगारू, वालबीज़, कोआला, वॉम्बैट और पोसम सभी डिप्रोटोडोंटियन मार्सुपियल्स हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दुनिया पर चढ़ा योग का खुमार
# अमेरिका में भी रहा भारी उत्साह

## न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर हजारों लोगों ने किया योग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल यानी कि साल 2024 में योग दिवस की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसायटी' रखी गई है। इसका मकसद खुद को और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना है। योग का भारत से नाता सदियों पुराना रहा है। हमारे वेदों में भी योग को काफी खास माना गया है। योग दिवस मनाने का प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएन में 27 सितंबर 2014 को रखा था, जिसे 177 देशों का समर्थन मिला था।

11 दिसंबर 2014 को यूएन ने योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर हजारों की संख्या में योग प्रेमी दिनभर चलने वाले योग सत्र के लिए न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर इकट्ठा हुए। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर गुरुवार को टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। जापान में भारतीय दूतावास ने यहां (टोक्यो) त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में योग दिवस समारोह का आयोजन किया, जिसमें राजनयिकों और भारतीय प्रवासियों सहित देश भर से लोगों की भागीदारी देखी गई।



न्यूयॉर्क

### भीषण गर्मी के बीच उत्साह

न्यूयॉर्क में भीषण गर्मी पड़ रही है, इसके लिए चेतावनी भी जारी की गई है। दिन के समय यहां का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इतनी प्रचंड गर्मी के बावजूद योग के प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। सभी राज्यों और क्षेत्रों से लोग सुबह-सुबह ही यहां पहुंच गए और योग करने के लिए मैट बिछा लिए।



### दो दशकों से अधिक का अनुभव

योग प्रशिक्षक और श्वास ध्यान शिक्षिका ऋचा ढेकने ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। कई अन्य योग शिक्षकों और विशेषज्ञों ने भी टाइम्स स्क्वायर पर पूरे दिन अलग-अलग तरीके के ध्यान, व्यायाम और श्वास से जुड़े योग कराए। दिनभर चली गतिविधियों में हजारों लोगों ने भाग लिया।



नेपाल

### पोखरा में मनाया योग दिवस समारोह

**पोखरा।** पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग प्रदर्शन आयोजित किए । कार्यक्रम की शुरुआत सुंदर सारंगकोट व्यू पॉइंट पर सूर्योदय योग सत्र के साथ हुई, जिसमें प्रतिभागियों को अन्नपूर्णा पर्वत श्रृंखला के लुभावने दृश्य देखने को मिले । इसके बाद पोखरा के पास पुमदिकोट में प्रतिष्ठित शिव मंदिर में योग प्रदर्शन किया गया।



### 10 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा कि जैसा कि आप देख सकते हैं कि यहां कई देशों से आए योग प्रतिभागी मौजूद हैं और यह आज पूरे दिन चलने वाला है। उन्होंने कहा कि यहां करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागियों के योगाभ्यास करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मुझे वाकई खुशी है।

जापान



**जापान के टोक्यो में भी मनाया गया योग दिवस**

जापान में भारतीय दूतावास ने यहां (टोक्यो) त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में योग दिवस समारोह का आयोजन किया, जिसमें राजनयिकों और भारतीय प्रवासियों सहित देश भर से लोगों की भागीदारी देखी गई।



योग भगाए रोग

ऑस्ट्रेलिया



ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में लोग योग करते नजर आए।

### दुनियाभर में 2014 से मनाया जा रहा योग

2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है। पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम थी- सद्भाव और शांति के लिए योग। पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ 84 देशों के प्रतिनिधियों समेत 35 हजार से ज्यादा लोगों ने दिल्ली के राजपथ पर योग के 21 आसन किए थे। इस आयोजन में भारत के दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बने– एक दुनिया का सबसे बड़ा योग एक साथ करने का, जिसमें 35 हजार 985 लोग शामिल रहे। दूसरा 84 देशों के नेताओं की एक साथ भागीदारी के लिए। पहली बार 2023 में पीएम मोदी देश से बाहर योग दिवस मनाने न्यूयॉर्क गए थे।

## खबर संक्षेप

### दो सिख चरमपंथियों को अदालत से झटका



**ओटावा।** कनाडा की एक अदालत ने दो सिख चरमपंथियों द्वारा देश की नो-फ्लाई सूची से खुद को हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। 2018 में दोनों को इस लिस्ट में शामिल किया गया था। उसका कहना है कि इस बात का उचित आधार है कि वे आतंकवाद के अपराध को अंजाम देने के लिए परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा को खतरा पैदा कर सकते हैं। भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई चाहते थे कि सिक्योर एयर ट्रैवल एक्ट के तहत उन्हें नो-फ्लाइंग लिस्ट से हटा दिया जाए और उन्हें हवाई यात्रा करने की अनुमति मिले।

### गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति को जिंदा जलाया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति को कुरान के अपमान करने के आरोप में जिंदा जला दिया। जानकारी के अनुसार घटना खैबर पख्तूनख्वा के स्वात जिले के मदयान इलाके की है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, इस हिंसा में 8 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए व्यक्ति का नाम मोहम्मद इस्माइल था, जो मदयान घूमने आया था।

## भारत पहुंची बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना
# 15 दिन के अंदर दूसरी यात्रा, तीस्ता जल बंटवारे सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दो दिन के दौरे पर आज शुक्रवार को भारत आएंगी। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद, किसी राष्ट्राध्यक्ष का ये पहला भारत दौरा है। अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शेख हसीना, पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात करेंगी।

शेख हसीना पीएम मोदी के आमंत्रण पर 15 दिनों के भीतर दूसरी बार भारत आई हैं। इससे पहले वह उन कुछ नेताओं में थीं जिन्हें नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण में आमंत्रित किया गया था। बांग्लादेश भारत की 'नेबर फर्स्ट' नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

शेख हसीना की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और घनिष्ट करना है। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी और शेख हसीना की बातचीत के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के कई समझौतों पर मुहर लगने की उम्मीद है।

*बांग्लादेश भारत की 'नेबर फर्स्ट' नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है। शेख हसीना की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और घनिष्ट करना है*



भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा किया गया।

### कई सालों से अटका है तीस्ता जल बंटवारा

भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कई सालों से विवाद है। 414 किमी लंबी तीस्ता नदी हिमालय से निकलती है और सिक्किम के रास्ते भारत में प्रवेश करती है। इसके बाद ये पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश पहुंचती हैं जहां पर वह असम से आई ब्रम्हपुत्र नदी में मिल जाती है। बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी को जमुना कहा जाता है। इस लंबी यात्रा के दौरान तीस्ता नदी की 83% यात्रा भारत में और 17% यात्रा बांग्लादेश में होती है।

#### बांग्लादेश को भारत के साथ समझौता करना होगा

बांग्लादेश के लिए भारत की सहमति के बिना तीस्ता मास्टर प्लान पर काम करना इतना आसान नहीं होगा। दरअसल इसके लिए बांग्लादेश को भारत के साथ तीस्ता नदी जल बंटवारा समझौता करना होगा। साल 2011 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब भारत, तीस्ता नदी जल समझौता पर दस्तखत करने को तैयार हो गया था।

#### गंगा जल बंटवारा संधि अगले साल खत्म होगी

रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों नेता गंगा जल बंटवारा संधि के रिन्यूअल पर भी बातचीत कर सकते हैं। भारत ने 1975 में गंगा नदी पर फरक्का बांध का निर्माण किया था, जिस पर बांग्लादेश ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद दोनों देशों ने 1996 में गंगा जल बंटवारा संधि की थी। यह संधि सिर्फ 30 सालों के लिए थी। ये संधि अगले साल खत्म होने वाली है।

#### भारत नहीं चाहता तीस्ता मास्टर प्लान चीन को मिले

भारत नहीं चाहता कि तीस्ता मास्टर प्लान प्रोजेक्ट चीन को मिले। इसकी वजह रणनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी वजहें हैं। दरअसल चीन को मिले अधिकांश प्रोजेक्ट वहां की सरकारी कंपनियों को मिलते हैं। ऐसे में भारत को डर है कि वो जल प्रवाह से जुड़ा डेटा और नदी से जुड़ी कई जानकारी चीनी सरकार को दे सकते हैं।

#### बांग्लादेश 50 फीसदी पानी का अधिकार चाहता है

इस दौरान सिक्किम, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तीनों क्षेत्रों में रहने वाले करीब 1 करोड़ लोगों की पानी से जुड़ी जरुरतें ये नदी पूरा करती है। बंग्लादेश तीस्ता का 50 फीसदी पानी पर अधिकार चाहता है। जबकि भारत खुद नदी के 55 फीसदी पानी का इस्तेमाल करना चाहता है। गर तीस्ता नदी जल समझौता होता है तो पश्चिम बंगाल नदी के पानी का मनमुताबिक इस्तेमाल नहीं कर पाएगा।

#### 9 साल बीतने के बाद भी अब तक समाधान नहीं

ममता बेनर्जी की नाराजगी की वजह से मनमोहन सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी पीएम बने। एक साल बाद वो बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के साथ बांग्लादेश गए। इस दौरान दोनों नेताओं ने बांग्लादेश को तीस्ता के बंटवारे पर एक सहमति का यकीन दिलाया था। लेकिन 9 साल बीतने के बावजूद अब तक तीस्ता नदी जल समझौते का समाधान नहीं निकल पाया है।

## इटली में भारतीय मजदूर की मौत
# पुलिस ने मानी लापरवाही गंभीरता से शुरू की जांच

एजेंसी ▶▶ रोम




रोम के दक्षिण में स्थित गांव एग्रो पोंटिनो में तरबूज के खेत में काम करते समय सतनाम सिंह का एक हाथ कट गया था। घायल होने के दो दिन बाद सिंह की बुधवार को अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घायल होने के बाद सिंह को उनके घर के बाहर छोड़ दिया गया था। उनके कटे हुए हाथ को फलों के टोकरे में रखा गया था। खेत के मालिक रेन्जो लोवाटो ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

जिस मशीन से सिंह घायल हुए थे उन्हें उसके करीब न जाने की चेतावनी दी गई थी। लोवाटो ने बताया कि सिंह ने उनकी बात नहीं मानी। दुर्भाग्य से यह एक बड़ी लापरवाही थी। काराबेनियरी पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि लोवाटो के बेटे पर सिंह को उनके घर के बाहर गंभीर हालत में छोड़ने, हत्या और संकट के समय किसी व्यक्ति की सहायता न करने के आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

## मक्का में 51.8 डिग्री तक पहुंचा तापमान
# इस साल हज यात्रा के दौरान 98 भारतीयों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हज यात्रा के दौरान इस साल कई लोगों की मौत हो चुकी है। बढ़ती गर्मी इसका एक बड़ा कारण है, इसके ऊपर कुछ दूसरे फैक्टर्स की वजह से भी मृतकों का आंकड़ा इस बार ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अब भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया है कि 98 भारतीयों की भी इस साल हज यात्रा के दौरान मौत हो गई है। इसमें कुछ मौतें दुर्घटना की वजह से हुई हैं, कुछ प्राकृतिक कारणों की वजह से तो कुछ लोग पहले से ही बीमार चल रहे थे।

## नियुक्ति पर राजनीति
# प्रोटेम स्पीकर पर मचा बवाल, रमेश बोले सरकार पहले दिन से पैदा कर रही विवाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को लेकर अब राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सरकार के फैसले पर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह संसदीय परंपरा के खिलाफ है। जानकारी के अनुसार जयराम रमेश ने कहा कि परंपरा के अनुसार सबसे वरिष्ठ सांसद को ही प्रोटेम स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाता है। रीति-रिवाज और परंपरा के मुताबिक कोडिकुन्निल सुरेश का पूरा हक बनता है। यह मानसिकता पूरी तरह से बुलडोजर मानसिकता है। सरकार पहले ही दिन से पंगा लेने में लगी हुई है।

**किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को दिया जवाब:** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव में झूठ बोला और अब संसद सत्र शुरू होने के पहले फिर झूठ बोल रही है। स्पीकर का चुनाव सर्वसम्मति से होगा।

## मस्जिद, खलीफा जैसे नाम चीनी भाषा में, उइगर संस्कृति को मिटाने का लगा आरोप
# उइगर मुसलमानों से जुड़े चीन ने शिंजियांग में 630 गांवों के नाम बदले

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने उइगर मुसलमानों से जुड़े 630 गांवों और कस्बों के नाम बदल दिए हैं। न्यूयॉर्क स्थित ह्यूमन राइट वॉच (एचआरडब्ल्यू) और नॉर्वे की उइगर हेल्प ने मिलकर बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक चीन ने उइगरों के लिए धार्मिक, ऐतिहासिक या सांस्कृतिक अर्थ वाले सैकड़ों गांवों और कस्बों के नाम बदल दिए हैं और उनकी जगह ऐसे नाम रखे हैं जो कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा से मेल खाते हैं। दोनों संगठनों के किए गए शोध से पता चलता है कि अधिकांश गांवों के नाम 2017 से 2019 के बीच बदले गए। रिपोर्ट में बताया गया है कि ये वही दौर था जब शिंजियांग में उइगरों पर उत्याचार चरम पर था।



शिंजियांग प्रांत की ये तस्वीर 2018 की है। इसमें मंदारिन भाषा में बदले हुए गांव का नाम लिखा है। (फाइल फोटो)

### चीन ने 2023 में तिब्बत का बदला नाम

चीन ने जगहों का नाम बदलने का चलन सबसे पहले तिब्बत में शुरू किया था। उसने तिब्बत के कई इलाकों के नाम बदल डाले और 2023 में उसने तिब्बत का ही नाम बदल दिया। चीन ने तिब्बत का नया नाम 'शीजांग' रखा है। इसके अलावा चीन अरुणाचल प्रदेश के भी इलाकों का नाम बदलता रहता है। चीन ने 1 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर वहां की 30 जगहों के नाम बदल दिया था। पिछले 7 सालों में ऐसा चार बार हुआ है, जब चीन ने अरुणाचल की जगहों के नाम बदल दिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तिब्बत और शिनजियांग में चीनी सेना का काफी सक्रिय है ऐसे में वहां से मानवाधिकारों के हनन के बारे में जानकारी न के बराबर निकल पा रही है।

### धार्मिक-सांस्कृतिक वजहों से बदले नाम

2009 से 2023 के बीच चीन ने शिंजियांग के 25 हजार गांवों में से 3,600 गांवों के नाम बदले गए हैं। इसमें बताया गया है कि अधिकांश गांव के नाम बदलने के पीछे सामान्य वजह लगती है। जैसे कि कई गांवों के नाम गलत मात्रा होने की वजह से बदले गए हैं लेकिन 630 गांव ऐसे हैं जिन्हें धार्मिक या फिर सांस्कृतिक वजहों से बदला गया है। 'होजा'(खलीफा), 'हनीका'(शासक), 'मजार'(मस्जिद) जैसे नामों को हटा दिया गया है। ये नाम उइगर आबादी की संस्कृति से जुड़े हुए थे। इनके नाम बदलकर मंदारिन(चीनी) में 'खुशी', 'एकता' या 'सद्भाव' रख दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शिनजियांग में अब कोई भी ऐसा गांव नहीं बचा है जिसके नाम में खलीफा या फिर मस्जिद शब्द का जिक्र हो।

#### उइगरों के लिए इनके बड़े मायने

एचआरडब्ल्यू की डायरेक्टर माया वांग ने कहा कि ये नाम उइगरों के लिए एक अर्थ रखते हैं। चीनी सरकार इन नामों को बदलकर उनकी संस्कृति को मिटाने का प्रयास कर रही है। ह्यूमन राइट्स वॉच के एशिया डिवीजन की निदेशक एलेन पियर्सन ने कहा, 'यह इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ने के चीनी सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

*चुनाव आयोग (ईसी) ने जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। 20 अगस्त तक मतदाता सूची भी तैयार हो जाएगी। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखा है कि चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के स्पेशल समरी रिविजन (एसएसआर) का कार्यक्रम दिया जाएगा।*

# जम्मू-कश्मीर चुनाव : 20 अगस्त तक फाइनल हो जाएगी मतदाता सूची


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**कश्मीर समेत 4 राज्यों में वोटर लिस्ट का रिवीजन 25 जून से**

शुक्रवार को एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान केंद्रों के स्थानों को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए उन्हें तर्कसंगत बनाने सहित स्पेशल समरी रिविजन एक्सरसाइज 25 जून से शुरू होगी। मतदाता सूची को 1 जुलाई की कट-ऑफ तारीख के साथ अपडेट किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में (हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर) ड्राफ्ट नामावली 25 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद मतदाताओं के पास 9 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज करने का मौका है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तय कार्यक्रम के अनुसार 20 अगस्त तक किया जाएगा।

**खास बातें**

- हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर में होने हैं चुनाव
- चुनाव आयोग ने कहा- 25 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी ड्राफ्ट नामावली
- 1 जुलाई की कट-ऑफ तारीख के साथ अपडेट किया जाएगा मतदाता सूची को




**2018 में भंग हुई कश्मीर विधानसभा**

2018 में भंग होने के बाद से जम्मू-कश्मीर में कोई विधानसभा नहीं है। जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं का कार्यकाल 11 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को खत्म हो रहा है। यानी इससे पहले चुनाव करना होगा। चुनाव आयोग ने कहा, "निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद एक नए सदन के गठन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधान सभा के लिए आम चुनाव भी आयोजित किया जाना है। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की भारी भागीदारी को देखते हुए आयोग ने 1 जुलाई, 2024 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची को अपडेट करने का भी निर्देश दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि एसएसआर के अलावा चुनाव आयोग इस हफ्ते दिल्ली में चुनाव वाले राज्यों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है।

**47 उपचुनाव कराने की प्रक्रिया भी शुरू**

आयोग ने कहा कि चुनाव आयोग ने देश भर में होने वाले 47 उपचुनाव कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल चुनाव आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव कराने का आदेश दिया था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि चुनाव आयोग बहुत जल्द ही चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करेगा। लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के पांच संसदीय क्षेत्रों में कुल मिलाकर 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## खबर संक्षेप

### चौहान ने दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ की बैठक

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तुअर, उड़द और



मसूर उत्पादक किसानों को सौ फीसद खरीद का आश्वासन दिया है। चौहान ने प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ शुक्रवार को पहली वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राज्यों से आग्रह किया गया कि वे केंद्र के साथ मिलकर काम करें ताकि भारत न केवल खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बने बल्कि विश्व का खाद्यान्न भंडार भी बने। देश में दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता को देखते हुए यह बैठक बुलाई गई थी ताकि आयात को कम किया जा सके।

### आमिर खान के बेटे की फिल्म पर रोक हटाई

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बॉलीवुड स्टार आमिर खान के बेटे जुनैद की



पहली फिल्म 'महाराज' की रिलीज पर लगी अंतरिम रोक हटाते हुए कहा कि फिल्म में कुछ भी अपमानजनक नहीं है और यह पुष्टिमार्ग संप्रदाय को निशाना नहीं बनाती है, जैसा कि याचिका में आरोप लगाया गया है। यह फिल्म 1862 के एक मानहानि मामले पर आधारित है, जिसमें वैष्णव धार्मिक नेता एवं समाज सुधारक करसनदास मुलजी शामिल थे।

### चेन्नई में 1.67 करोड़ रुपए का सोना जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में हवाई अड्डे पर तीन



अलग-अलग मामलों में 1.67 करोड़ रुपये मूल्य का ढाई किलो से अधिक सोना जब्त किया गया है। चेन्नई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है चेन्नई सीमा शुल्क विभाग की खुफिया इकाई ने 17 एवं 18 जून को मलेशिया तथा अबू धाबी से आए यात्रियों से विभिन्न रूपों में क्रमशः 710 ग्राम, 1,056 ग्राम और 900 ग्राम सोना बरामद किया।

**आतंकी के लिए कनाडा की संसद में मौन रखने पर मचा है बवाल**

# निज्जर मामले में भारत ने कनाडाई दूतावास के समक्ष जताया कड़ा विरोध

**खास बातें:** *भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रूडो सरकार को दिया मुंहतोड़ जवाब*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा की संसद ने पिछले दिनों खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के लिए मौन रखा था, जिस पर खूब विवाद हुआ। भारत ने कनाडा की इस हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है और उसके कदम का विरोध जताया है। निज्जर के लिए मौन रखे जाने के मामले पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने पलटवार करते हुए दिल्ली में कनाडाई उच्च वाणिज्य दूतावास के समक्ष विरोध जताया। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया, 'हम अतिवाद को राजनीतिक जगह देने के किसी भी कदम का विरोध करते हैं और उचित कार्रवाई चाहते हैं। इससे पहले भी भारत ने कनाडा को इस मामले में जवाब दिया था और वैंकूवर में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 कनिष्क पर कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट के 329 पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने की घोषणा की थी।

### भारतीय दूतावास की पोस्ट

इधर, वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया था, '23 जून 2024 को एयर इंडिया की उड़ान 182 (कनिष्क) पर कायरतापूर्ण आतंकवादी बम विस्फोट की 39वीं बरसी है, जिसमें 86 बच्चों सहित 329 निर्दोष पीड़ितों ने अपनी जान गंवा दी।" महावाणिज्य दूतावास ने आगे कहा, '23 जून 2024 को 1830 बजे स्टेनली पार्क के सेपरले प्लेग्राउंड क्षेत्र में एयर इंडिया मेमोरियल में एक स्मारक सेवा निर्धारित की गई है। आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए भारतीय प्रवासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया है।'

**भारत में बम ब्लास्ट का आरोपी था निज्जर**

निज्जर खालिस्तानी टाइगर फोर्स का मास्टरमाइंड होने की वजह से भारत में वॉन्टेड था। निज्जर की पिछले साल कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी। निज्जर की याद में कनाडा की संसद में मौन पिछले दिनों रखा गया।

## कनाडाई संसद में खालिस्तान और ट्रूडो सरकार पर बरसे सांसद



कनाडा में खालिस्तानी तत्व एक बार फिर से सिर उठा रहे हैं। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की बरसी के मौके पर हाल ही में खालिस्तानियों ने जन अदालत का आयोजन किया था। इस दौरान चरमपंथियों ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई मंत्रियों के बारे में अपना-शनाप बोला था। यही नहीं खालिस्तानी अब 23, जून 1985 को हुए आतंकी हमले की बरसी पर भी जुटने का ऐलान कर रहे हैं। इस बीच कनाडा की संसद में ही उन्हें आईना दिखाया गया है। भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि कनाडा में एक बार फिर से वह विचारधारा सिर उठा रही है, जिसने कनिष्क आतंकी हमला कराया था। इस हमले में 329 बेगुनाह लोगों की मौत हो गई थी।

**आर्य ने भी की एकजुटता की अपील**

कनाडा की संसद को संबोधित करते हुए आर्य ने कहा कि वह विचारधारा अब भी यहां कुछ लोगों में है, जिसने आतंकी हमला कराया था। उन्होंने संसद में सभी से अपील की कि वे 23 जून को आतंकी हमले की बरसी के मौके पर जुटें और मारे गए बेगुनाह लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। चंद्र आर्य का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब खालिस्तानियों ने निज्जर की हत्या की बरसी मनाई। इसके अलावा कनाडा की संसद में भी उसके लिए एक मिनट का मौन रखा गया था। खालिस्तानी तत्वों ने भारतीय कौंसुलेट के बाहर जन अदालत का आयोजन भी किया था।

# टेलीग्राम पर लीक हुआ था यूजीसी-नेट का पेपर, 5000 रुपए में हो रहा था सौदा

**गृह मंत्रालय के 14सी को पेपर लीक से जुड़े मिले इनपुट**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट विवाद के बाद यूजीसी-नेट का पेपर लीक होने से परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए सवालों के घेरे में है। शिक्षा मंत्रालय ने पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी है और एनटीए की समीक्षा करवाने के लिए एक टीम गठित कर दी है। गृह मंत्रालय के 14सी को पेपर लीक से जुड़े इनपुट मिलने के बाद यह फैसला किया गया था। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिए पेपर लीक किया गया था और एक दिन पहले ही पेपर के लिए कीमत मांगी जाने लगी थी।




**प्रश्नपत्र के स्क्रीनशॉट और कई लिंक**

एक मीडिया चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक टेलीग्राम पर प्रश्नपत्र के स्क्रीनशॉट और कई लिंक पोस्ट किए जा रहे थे। बाद में शिक्षा मंत्रालय ने जब उनको पेपर से मैच कराया तो यह सेम निकला। 14 C के अधिकारियों से हवाले से इस रिपोर्ट में बताया गया कि यूजीसी नेट के क्वेश्चन पेपर टेलीग्राम पर 5 हजार रुपये में बेचे जा रहे थे। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अधिकारियों को एक अन्य ग्रुप के बारे में पता चला था जिस पर 10 हजार रुपये में प्रश्न पत्र को बेचा जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि परीक्षा के एक दिन पहले ही कई ग्रुप पर पेपर उपलब्ध था।

**डार्क वेब के जरिए जुटाए गए ये पेपर!**

सूत्रों का कहना है कि टेलिग्राम ही पेपर लीक के एपिसेंटर बनकर सामने आया है। शिक्षा मंत्रालय को कई ऐसे लिंक दिए गए थे जिनपर पेपर बेचे जा रहे थे। हालांकि इस बात का अब तक पता नहीं चला है कि टेलिग्राम ग्रुप वालों को पेपर कहां से मिले। आशंका है कि डार्क वेब के जरिए ये पेपर जुटाए गए। सोशल मीडिया ऐप पर नेट के पेपर के बारे में जानकारी भेजी जा रही थी। जब इसके बारे में पता चला तो इसे शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की जानकारियां उनके पास अक्सर आती रहती हैं और वे संबंधित संस्थान या एजेंसी को इसकी जानकारी देते हैं। हमारी टीम को इसकी भी जानकारी मिली थी कि नेट का पेपर बेचा जा रहा है।

# 'निकोबार ने नहीं दिए वोट, अब तुम्हारे दिन अच्छे नहीं रहेंगे'

एजेंसी ▶▶ पोर्ट ब्लेयर

हाल ही में बिहार के सीतामढ़ी से जनता दल (यूनाइटेड) के नव निर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने 'मुस्लिम और यादव समुदाय' के लिए काम न करने की चेतावनी देते हुए विवाद खड़ा कर दिया था। अब ऐसा ही मामला अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से सामने आया है। अंडमान और निकोबार के नवनिर्वाचित भाजपा सांसद बिष्णु पद राय ने मतदाताओं को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर उनका जनसभा को संबोधित करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है, जो चुनाव नतीजों के बाद 5 जून का है। इन आरोपों को लेकर भाजपा सांसद की ओर से अभी तक कोई सफाई नहीं आई है।

**भाजपा सांसद ने वोट न देने वालों को दी धमकी**




**यह कहा सांसद ने**

एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा सांसद कहते हैं, "जनता का काम पूरा का पूरा होगा। लेकिन जिन लोगों ने हमें वोट नहीं दिया, उनका क्या होगा, सोच लें... सोच लेना.. निकोबार द्वीप समूह ने मुझे वोट नहीं दिया। कार निकोबार, तुम्हारा क्या होगा सोच लेना... निकोबार के नाम पर तुम पैसे लोगे, शराब पिओगे, लेकिन वोट नहीं दोगे। संभल के रहो, संभल के रहो, संभल के रहो। मुझे वादा किया था वोट देंगे, लेकिन नहीं दिया। अब तुम्हारे दिन खराब होंगे...तुम अब अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को मूर्ख नहीं बना पाओगे। तुम्हारे दिन अब अच्छे नहीं होंगे। अभी तुम्हारा क्या-क्या होगा सोच लो।"

### मुस्लिम बहुल देश ताजिकिस्तान में हिजाब और बुर्का पहनने पर लगा बैन

**नई दिल्ली।** मध्य एशिया का मुस्लिम बहुल देश ताजिकिस्तान की संसद ने हिजाब और बुर्का जैसे इस्लामिक पहनावे पर प्रतिबंध लगाने का विवादित कानून पारित कर दिया है। अब वहां की सरकार इस कानून को लागू करने जा रही है। इससे वहां खलबली मचने की आशंका है। सोवियत संघ से अलग हुआ ताजिकिस्तान मुस्लिम बहुल आबादी वाला देश है और इसकी सीमा तालिबान शासित अफगानिस्तान से मिलती है। ऐसे में इस बात की आशंका ज्यादा है कि वहां हिजाब और बुर्का पहनने पर पाबंदी लगाए जाने से विवाद बढ़ सकता है क्योंकि पड़ोसी अफगानिस्तान में बुर्का पहनना अनिवार्य है।

**नियम उल्लंघन पर लगेगा तगड़ा जुर्माना**

नए नियमों का उल्लंघन करने पर लोगों पर भारी भरकम जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया गया है। विधेयक के प्रावधान के मुताबिक व्यक्तियों पर 7,920 सोमोनी तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, जबकि कंपनियों पर 39,500 सोमोनी तक का जुर्माना लगाया

# घरेलू वस्तुओं की बिक्री के लिए ग्रामीण भारत चमकता सितारा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रोजमर्रा उपयोग की घरेलू वस्तुओं की बिक्री की वृद्धि के लिए ग्रामीण भारत एक 'चमकता सितारा' बना हुआ है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 की दूसरी तिमाही में शहरी क्षेत्रों की तुलना में इस क्षेत्र में विस्तार की बेहतर गति बनाए रखने की उम्मीद है।

आंकड़ा एवं परामर्श कंपनी कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत 2024 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में एफएमसीजी कंपनियों के लिए शहरी बाजारों की तुलना में 'बेहतर वृद्धि स्तर' बनाए रखेगा। रिपोर्ट में ग्रामीण बाजार को 'चमकता सितारा' बताते हुए कहा गया है कि 2024 में इसमें 'पुनरुत्थान' होने की संभावना है। जहां शहरी क्षेत्र के तनाव में रहने की संभावना है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र साल की दूसरी तिमाही में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस वृद्धि को इसी साल फरवरी में पेश अंतरिम बजट में सरकार द्वारा क्षेत्र-केंद्रित उपायों से मदद मिली है और इससे स्थिरता आई है। कंतार की दूसरी तिमाही की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, इस साल जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां लोकलुभावन उपायों की उम्मीद की जा रही है।

**ग्रामीण वृद्धि ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ा**

कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि आने वाले महीनों में कई राज्यों में चुनाव होने वाले हैं और दूसरी छमाही में ग्रामीण बाजार के लिए लोकलुभावन उपायों में वृद्धि ही देखने को मिलेगी। कोविड-19 के बाद, ग्रामीण बाजार संकट में था और पिछली तिमाहियों में लगातार गिरावट का सामना करना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, ग्रामीण परिप्रेक्ष्य से 2024 की शुरुआत शानदार रही है। ग्रामीण वृद्धि ने शहरी वृद्धि को पीछे छोड़ दिया है; और ग्रामीण क्षेत्र ऊपर की ओर देख रहा है।

# नदी में 54 मवेशियों के शव मिलने से सिवनी में तनाव चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी

**बंद रहा सिवनी**

इस घटना के विरोध में हिन्दू संगठनों ने शुक्रवार को बंद का ऐलान किया था। आज सुबह से ही सिवनी जिले में बंद का व्यापक असर देखा गया। लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध दिखाया।

मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में 54 मवेशियों के शव मिले हैं। इनमें से कुछ के गले कटे मिले। कुछ के अन्य अंग कटे मिले। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। संदेह के आधार पर 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक समाज में द्वेष पैदा करने के मकसद से किसी ने इनकी हत्या की है। इधर, इस घटना को लेकर हिंदूवादी संगठन के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की। मामला जिले के धनोरा और धूमा थाना क्षेत्र का है। धनोरा के पिंडारई के पास बेनगंगा नदी में 26 और धूमा क्षेत्र के ककरतला के जंगल में 28 मवेशियों के शव मिले हैं। जानकारी मिलने पर गुरुवार को कलेक्टर क्षितिज सिंघल और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच के आदेश दिए। ग्रामीणों ने रस्सी से बांधकर निकालाजानकारी के अनुसार बुधवार शाम को कुछ लोग पिंडारई गांव के पास बैनगंगा नदी के पास गए थे। उन्होंने वहां कुछ मवेशियों के शव देखे। उन्होंने धनोरा और सुनवारा पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से नदी में से मवेशियों के शव रस्सी से बांधकर बाहर निकाले गए। वहीं धूमा क्षेत्र के ककरतला के जंगल में पशु चिकित्सकों ने पंचनामा बनाया और मवेशियों के शवों का पोस्टमार्टम कर उन्हें दफनाया गया।

**एसपी बोले, ये साम्प्रदायिक तनाव फैलाने का षड्यंत्र**

*पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह का कहना है कि किसी ने समाज में द्वेष पैदा करने के उद्देश्य से मवेशियों का गला रेतकर हत्या की है। यह समाज की फिजा को खराब करने का और साम्प्रदायिक तनाव फैलाने का षड्यंत्र है। पुलिस ने बताया कि 4 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इनके अलावा 3 आरोपी नागपुर के हैं। जिनकी गिरफ्तारी की कोशिश पुलिस कर रही है।*

**मद्रास हाईकोर्ट का अहम फैसला**

**मौत के बाद भी दत्तक-मां बाप की संपत्ति पर नहीं कर सकते दावा**

# गोद लिए हुए बच्चे के जैविक रिश्तेदार संपत्ति के अधिकारी नहीं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



मद्रास हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि किसी गोद लिए हुए बच्चे के जैविक माता-पिता या अन्य रिश्तेदार उसके दत्तक परिवार से मिली संपत्ति के अधिकारी नहीं हो सकते हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि हिंदू अडॉप्टेशन ऐंड मेंटिनेंस ऐक्ट 1956 के तहत दत्तक परिवार की संपत्ति पर दावा नहीं किया जा सकता। 5 जून को दिए गए आदेश में जस्टिस जीके इलांथिराइयान ने कहा था कि धारा 12 में स्पष्ट किया गया है कि जब किसी को गोद ले लिया जाता है तो उसके जन्म देने वाले परिवार से संबंध खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा था, गोद लिए गए बच्चे की मौत के बाद भी उसके रिश्तेदार उसके दत्तक-मां बाप की संपत्ति पर दावा नहीं कर सकते। हाई कोर्ट ने कहा, गोद लेने की तारीख पर ही उसके संबंध अपने जैविक परिवार से खत्म हो गए थे। वहीं वे सारे अधिकार दत्तक परिवार को मिल गए।

**ये है मामला**

दरअसल कोर्ट वी साक्थिवेल की एक रिट पिटिशन पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में कहा गया था उन्हें अपने चचेरे भाई से रिलेशन का सर्टिफिकेट दिया जाए ताकि वह उनकी संपत्ति पर दावा कर सकें। चचेरे भाई की मौत 2020 में हो गई थी। वहीं सेक्थिवेल ने चचेरे भाई के जाविक परिवार के दावे को चुनौती भी दी थी। सेक्थिवेल के मुताबिक उनके दादा-दादी के दो बेटे थे। एक का नाम रामासामी और दूसरे का नाम वारनावासी था। इसके अलावा उनकी एक बेटी थी जिनका नाम लक्ष्मी था। सेक्थिवेल वारनावासी के बेटे हैं। वहीं रामासामी और उनकी पत्नी का कोई बच्चा नहीं था। 1999 में उन्होंने कोट्टरावेल नाम के एक लड़के को गोद ले लिया। थोड़े दिनों के बाद रामासामी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। कुछ साल बाद ही 2020 में कोट्टारवेल की भी मौत हो गई। सक्थिवेल के दो और चचेरे भाई हैं। वहीं उनकी बुआ लक्ष्मी की एक बेटी है। कोट्टारवेल की प्रॉपर्टी पर दावा करने के लिए वे सभी कोर्ट पहुंचे थे। वहीं कोट्टारवेल के जैविक रिश्तेदारों ने भी दावा कर दिया। वहीं कोर्ट ने कहा कि गोद लिए गए कोट्टारवेल के जैविक परिवार से सारे संबंध उसी वक्त खत्म हो गए थे जब उन्हें गोद लिया गया था।

# खुदरा मुद्रास्फीति में कमी की रफ्तार सुस्त : दास

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर पर फैसले के समय कहा था कि समग्र खुदरा मुद्रास्फीति में धीमी रफ्तार से गिरावट के लिए खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें जिम्मेदार हैं। शुक्रवार को जारी इस बैठक के विवरण से यह तथ्य सामने आया।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की जून की शुरुआत में हुई बैठक में लगातार आठवीं बार मानक ब्याज दर रेपो को 6.25 प्रतिशत पर बनाए रखने के पक्ष में बहुमत से फैसला किया गया था। समिति के चार सदस्य यथास्थिति के पक्ष में थे जबकि दो सदस्य कटौती करना चाहते थे। एमपीसी बैठक के विवरण के मुताबिक, बैठक में दास ने कहा था कि मुख्य खुदरा मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन इसकी गति धीमी है और मुद्रास्फीति में गिरावट का अंतिम चरण धीरे-धीरे और लंबा खिंचता जा रहा है। गवर्नर ने बैठक में कहा, /"मुद्रास्फीति की धीमी रफ्तार के पीछे मुख्य कारक खाद्य मुद्रास्फीति है।

### आइफोन बनाने वाली कंपनी का जल्द अधिग्रहण करेगा टाटा समूह



**नई दिल्ली।** टाटा समूह जल्द ही एपल के लिए ठेके पर आइफोन बनाने वाली कंपनी का अधिग्रहण करने जा रही है। इस संबंध में समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है और अगस्त तक इसका मालिकाना हक टाटा के पास आ जाएगा। यह पहली बार होगा कि कोई घरेलू कंपनी आइफोन की असेंबली में कदम रखेगी। हालांकि इस मामले पर टाटा, विस्ट्रान और एपल के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीडिया में इस तरह की खबरें हैं कि दक्षिण कर्नाटक में विस्ट्रान कार्प की फैक्ट्री का अधिग्रहण टाटा समूह करने वाला है। इस सौदे की संभावित कीमत 60 करोड़ डॉलर से अधिक है। यहां 10,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, जो नवीनतम आइफोन 14 माडल को असेंबल करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विस्ट्रान ने राज्य समर्थित वित्तीय प्रोत्साहन हासिल करने के लिए मार्च 2024 तक कारखाने से कम से कम 1.8 अरब डॉलर मूल्य के आइफोन की थोक बिक्री की प्रतिबद्धता जताई है।



# रोहित शेट्टी ने खुद किया खतरनाक स्टंट

**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रहे हैं। इसी बीच इंटरनेट पर रोहित शेट्टी ने खुद स्टंट करते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कर दी हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का हर सीजन दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। इस सीजन में भी फैंस को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। सामने आ रही शूटिंग की तस्वीरों और वीडियोज के आधार पर कहा जा सकता है कि यह सीजन काफी मुश्किल रहने वाला है। क्योंकि, अभी तक कई एक्टर्स के टास्क करने की कोशिश में जख्मी होने या फिर किसी कीड़े के काटे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

लाइफ Style

# ईशा कोपिकर



## झेल चुकी हैं कास्टिंग काउच


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ईशा कोपिकर, जिन्होंने फिजा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने हाल ही में अपने कास्टिंग काउच के एक्सपीरियंस को शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी। जब एक सेक्रेटरी और एक एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया। उन्होंने कहा कि आपको काम के लिए एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा।

मैं बहुत फ्रेंडली हूं। लेकिन उस फ्रेंडली का मतलब क्या है। मैं इतनी फ्रेंडली हूं कि एकता कपूर ने एक बार मुझसे कहा था कि थोड़ा एटिट्यूड रखा करो। आगे एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मैं 23 साल की थी, तो एक ए लिस्ट एक्टर ने मुझसे अकेले में मिलने के लिए कहा, मेरे ड्राइवर या किसी और के बिना, क्योंकि उसके बारे में अफ़वाहें थीं कि वह दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ संबंध रखता है। उसने कहा, 'मेरे बारे में पहले से ही विवाद हैं, और कर्मचारी अफ़वाहें फैलाते हैं।' लेकिन मैंने मना कर दिया और उससे कहा कि मैं अकेले नहीं आ सकती। वह हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री का एक ए-लिस्ट अभिनेता था।'

एक इंटरव्यू में ईशा कोपिकर ने कहा, 'मैंने हीरो को फ़ोन किया, जिसने मुझे अकेले में मिलने के लिए कहा था। उस समय, उस पर बेवफाई का आरोप लगाया जा रहा था, इसलिए उसने मुझे अपने स्टाफ को छोड़कर उससे मिलने के लिए कहा गया।' उसके बाद ईशा ने बताया कि उसने प्रोड्यूसर को फ़ोन किया और कहा कि उसे 'प्रतिभा और लुक के कारण चुना गया है और अगर इससे मुझे अच्छा काम मिल सकता है, तो यह काफी अच्छा है।' गौरतलब है कि ईशा कोपिकर 90 के दशक में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में काम किया है।

हॉलीवुड मसाला



## नशे में धुत पाए गए रैपर ट्रैविस स्कॉट

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई।



## ऑस्कर की श्रेणी में शामिल हो सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?

**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है।



## किआरा की सिंगिंग सुन कर लेंगे तौबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी के एक्टिंग के जौहर तो आपने कई फिल्मों में देखे होंगे। गजब तो तब हो गया जब किआरा ने अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया। वो भी ऐसी वैसी जगह नहीं किआरा ने इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले पर उन्हीं के मंच पर आकर तीन फाइनलिस्ट के लिए ऐसा गाना गाया कि जज अनु मलिक से लेकर वहां मौजूद ऑडियंस का चेहरा देखने लायक था। हम शर्त लगा कर कह सकते हैं कि ये वीडियो देखने के बाद आप यकीनन चाहत फतेह अली खान को उनके बदो बदी गाने के लिए माफ कर देंगे। उनका गाना तो एक बार आपकी जुबान पर चढ़ जाएगा लेकिन किआरा का गाना सुनने के बाद अनु मलिक और खुद सिद्धार्थ मल्होत्रा के चेहरे पर जो एक्सप्रेशन थे वो देखने लायक थे। ये वीडियो दो साल पुराना है। इसमें सिद्धार्थ और किआरा बतौर जज शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे थे।



## पैपराजी पर भड़के जैकी आया गुस्सा?

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ अपने सरल स्वभाव और चटपटी बोली के लिए जाने जाते हैं। उनके चाहने वाले उनके पीछे-पीछे उनके साथ निकल पड़ते हैं। अब हाल ही में, दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ शुक्रवार को मुंबई में बाहर निकलते ही पैपराजी द्वारा घेर लिए गए, और वह उन्हें सलाह देते हुए देखे गए, साथ ही उनसे दूरी बनाए रखने और भीड़ इकट्ठा न करने के लिए भी कहा। उन्होंने पैपराजी से यह भी कहा कि वे चिल्लाएं नहीं, क्योंकि इससे दिल की समस्या हो सकती है। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकी को अपने खास अंदाज में पैपराजी से बात करते हुए देखा जा सकता है। दरअसल योग दिवस पर पैपराजी और मीडिया ने उन्हें और उनकी कार को घेर लिया था। जैसे ही पैपराजी ने उनका नाम पुकारा, उन्होंने कहा, 'सांस ले लंबा सांस ले। शांति!

टीवी मसाला



## 'बिग बॉस' ओटीटी 3 में नजर आएंगे साई केतन राव

नई दिल्ली। 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के प्रतिभागियों का खुलासा होना शुरू हो गया है। इस कड़ी में अगले प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो 'मेंहदी है रचने वाली' में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'चाशनी' और 'इमली' जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने 'थ्री हाफ बॉटल्स', 'लव स्टूडियो', 'लवली', 'अहम ब्रह्मास्मि', 'स्ट्रेंजर्स' आदि सीरीज में काम किया है। टीवी शो और वेब सीरीज के अलावा उन्होंने कुछ तेलुगु शॉर्ट मूवीज में भी काम किया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2016 में तेलुगु शॉर्ट फिल्म 'डेविल इन डिसगाइज' में काम किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'नेने राजू नेने मंत्री' में काम किया। इसके अलावा वह एक बॉक्सर भी हैं। साई स्टेट लेवल पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं। अब वह 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के साथ एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

## इस हादसे की वजह से बदल गई थी सना की जिंदगी

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सना मकबूल खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे इस बार 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में ग्लैमर का



तड़का लगाती नजर आने वाली हैं। सना मकबूल के फैंस उन्हें घर में देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सना मकबूल खान टीवी की दुनिया का चमकता हुआ नाम है। वे टीवी के अलावा तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना मकबूल खान कई हिट शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वे 'कितनी मोहब्बत 2', 'इस प्यार को क्या नाम दूं' और 'आदत से मजबूर' जैसे शो में काम कर चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो सना को हेपेटाइटिस हो गया था। इस वजह से उन्हें अपने कई शो से भी हाथ धोना पड़ा था। वहीं अब वे एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। सना मकबूल खान लंबे समय के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 3' से वापसी करने जा रही हैं।

*एक्शन में साउथ की ये एक्ट्रेस पुष्पा और केजीएफ से भी निकली आगे*

## रेचल का धांसू टीजर रिलीज




**नई दिल्ली।** हनी रोज की फिल्म रेचेल का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म जबरदस्त मारधाड़ और खून-खराबा देखने को मिलेगा। आनंदिनी बाला रेचेल के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रही है। इस टीजर से इशारा मिल जाता है कि हनी रोज को एकदम नए अंदाज में पेश किया जाएगा और उनके एक्टिंग के हुनर का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। फिल्म में बाबू राज, कलाभवन शाजोन, रोशन बशीर, चंदू सलीमकुमार, राधिका राधाकृष्णन, जाफर इडुक्की, विनीत थट्टिल, जोजी, दिनेश प्रभाकर, पॉली वलसन, वंदिता मनोहरन जैसे कलाकार भी हैं।रेचेल मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। रेचेल का टीजर देखकर फैन्स जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। एक फैन ने हनी रोज की तारीफ करते हुए लिखा है कि हनी रोज यहां सिर्फ एक्टिंग नहीं कर रही हैं, बल्कि वो इस कैरेक्टर को जी रही हैं। इसे देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वहीं एक कमेंट आया है कि यह फिल्म हनी रोज की सबसे बेहतरीन फिल्म होगी। फिल्म देखने का इंतजार है। यहीं यूट्यूब पर इसके बैकग्राउंड म्यूजिक को लेकर भी जमकर कमेंट आ रहे हैं। इस तरह फैन्स को अब इंतजार है तो रेचेल के ट्रेलर का। साउथ की एक्ट्रेस हनी रोज का पूरा नाम हनी रोज वर्गीज है। हनी मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। 2023 में हनी रोज ने 'वीरा सिम्हा रेड्डी' के साथ तेलुगू फिल्मों में कदम रखा और धूम मचा दी।

## बॉलीवुड सुपरस्टार की बिग बजट फिल्म साबित हुई डिजास्टर

**नई दिल्ली।** बिग बजट की फिल्में इस उम्मीद से बनाई जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उतरते ही ये मूवीज अपना कमाल दिखाएंगी और मेकर्स ने फिल्म को बनाने के लिए जो बड़ा अमाउंट खर्च किया होता है। उसकी लागत वसूलने की भी उम्मीद होती है। साथ ही मुनाफा कमाने की भी ख्वाहिश होती है। लेकिन हर फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरती।इसका उदाहरण है आशुतोष गोवारीकर की वो फिल्म जिसे बनाने के लिए उन्होंने सौ करोड़ से ज्यादा रुपए फूंक दिए। अकेले हीरो ने ही फिल्म के लिए 68 करोड़ रुपए की फीस ली। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और डिजास्टर साबित हुए। ये फिल्म थी मोहनजो दारो। जो आशुतोष गोवारीकर ने डायरेक्ट की थी। ऋतिक रोशन, पूजा हेगड़े और कबीर बेदी, इसमें लीड रोल में थे। पूरी फिल्म बनाने में आशुतोष गोवारीकर ने करीब 115 करोड़ रुपए खर्च किए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, इस बजट में 68 करोड़ रुपए सिर्फ ऋतिक रोशन की ही फीस थी। फिल्म 206 में रिलीज हुई थी।लेकिन उनका करिश्मा भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कोई कामयाबी नहीं दिलवा सका। ऋतिक रोशन की ये फीस उस समय के हिसाब से किसी हीरो की सबसे ज्यादा फीस थी। फिल्म की कहानी मोहनजो दारो सिविलाइजेशन



के इर्द गिर्द घूमती है। उस दौर को रचने के लिए आशुतोष गोवारीकर ने सेट्स और कॉस्ट्यूम्स पर बहुत पैसा खर्च किया। फिल्म की कहानी एक युवा से शुरू होती है जिसे सपने में यूनिकॉर्न दिखता है। और उसकी तलाश में वो मोहनजो दारो तक आ जाता है। जहां के लोगों को शासक के जुल्मों सितम से बचाने के लिए वो लंबी लड़ाई लड़ता है। उसके बाद एक नई सभ्यता का उदय होता है। फिल्म की कहानी दर्शकों के गले नहीं उतर सकी थी और फिल्म की जबरदस्त हाइप होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस सिर्फ 100 करोड़ रुपए ही कमा सकी थी।

# फिल्म इंडस्ट्री के वो स्टार्स जिन्होंने बदले अपने असली नाम

*मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की पहचान उनके नाम से होती है। आज फिल्म इंडस्ट्री में कई नाम ऐसे हैं जिसे हर कोई जानता है। हालांकि, ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में आने से पहले अपने नाम को बदला। आज हम आपको उन एक्टर्स के असली नाम बता रहे हैं।*



### शाहरुख खान

किंग खान, बादशाह, रोमांस किंग...ये कुछ नाम हैं जो शाहरुख खान के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ये नाम उनको उनके फैंस और इंडस्ट्री में अपने काम पर मिले, लेकिन क्या आप जानते हैं शाहरुख खान का असली नाम कुछ और था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की नानी ने उनका नाम अब्दुल राशिद खान रखा था। बाद में, उनके पिता ने उनका नाम बदल कर शाहरुख कर दिया था।

### सलमान खान

आपको जानकर हैरानी होगी की सलमान खान का असली नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान था। सलमान खान का ये नाम उनके पिता सलीम खान और दादा अब्दुल रशीद खान के नाम से मिलकर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम सलमान खान कर लिया था। आज पूरी दुनिया उन्हें सलमान खान के नाम से जानती है।





### रेखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा ने अपने वक्त में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। वो आज भी एक जानामाना नाम हैं और हर कई उनकी सुंदरता की तारीफ करता है। क्या आप जानते हैं रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेश है। उन्होंने फिल्मों में काम करने के लिए अपने नाम को छोटा करके रेखा रख लिया था।

### अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव भाटिया था। उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदला। एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'आज' में लीड रोल कुमार गौरव निभा रहे थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम अक्षय था। एक दिन उन्हें पता नहीं क्या हुआ वो कोर्ट गए और अपना नाम अक्षय कुमार कर लिया।



### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी को कौन नहीं जानता। हर कोई इस नाम से वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी का ये असली नाम नहीं है। शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनका नाम उनकी मां ने चेंज किया था। शिल्पा की मां एक एस्ट्रोलॉजर हैं और उन्होंने बेटी का करियर बनाने के लिए नाम बदलने का फैसला किया था।



# सुपर-8 : भारत चार जीत से उत्साहित, उलटफेर करने में माहिर बांग्लादेश देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें।



मैच आज रात 8 बजे से

### बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद

विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में रखा गया था लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाए लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली। एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

### बांग्लादेश के बेटर्स फेल

बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाए रखने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। उसे टीम में पावर हिटर्स की कमी खल रही है। सलामी बल्लेबाज लिटन दास और तंजीद खान के खराब प्रदर्शन ने भी उसकी परेशानियां बढा दी हैं। बांग्लादेश के बल्लेबाजों के सामने चुनौती जसप्रीत बुमराह का सामना करने की है जो अब तक बेहतरीन फॉर्म में हैं और उनका इकॉनॉमी रेट 3.46 रहा है।

## अमेरिका के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

*ब्रिजटाउन। टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। इस हार के बाद रोवमैन पॉवेल की टीम अंकतालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।*



## खबर संक्षेप



### बुमराह के आसपास भी नहीं कोई गेंदबाज

ब्रिजटाउन। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है। बुमराह ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा, 'कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाए। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिए। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।'

### रायबकिना बर्लिन में क्वार्टर में रिटायर



**बर्लिन।** कजाखस्तान की टेनिस खिलाड़ी एलीना रायबकिना शुक्रवार को बर्लिन में ग्रासकोर्ट लेडीज ओपन में क्वार्टर फाइनल में रिटायर होकर बाहर हो गयीं। ऐसा लगता है कि वह बीमार होने के कारण रिटायर हुई। 2022 विंबलडन चैंपियन पहले सेट में विक्टोरिया अजारेंका से 1-3 से पिछड़ रही थीं लेकिन पांचवें गेम में उनकी डबल फॉल्ट से स्कोर 15-15 होने पर उन्होंने खेलना बंद कर दिया।

### चयन समिति में बदलाव करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पुरानी चयन समिति व्यवस्था पर लौटेगा क्योंकि कोई मुख्य चयनकर्ता नहीं रखने का प्रयोग बुरी तरह नाकाम रहा। पाकिस्तान को टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका और भारत ने हराया जिससे टीम सुपर आठ में जगह नहीं बना सकी। एक सूत्र ने बताया, 'बोर्ड पुरानी व्यवस्था पर लौट सकता है जिसमें एक मुख्य चयनकर्ता और दो या तीन चयनकर्ता होते थे। इसमें चयन बैठकों में कप्तान और मुख्य कोच नहीं बैठते थे।'

### टी20 : भारत नवंबर में करेगा अफ्रीका का दौरा



**जोहानिसबर्ग।** भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की। सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे।

टी20 विश्व कप : बांग्लादेश को डीएलएस के आधार पर 28 रन से हराया

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार पांचवीं जीत टूर्नामेंट में कमिंस की पहली हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिए थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिए 72 रन ही चाहिए थे। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया। दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।




### पैट कमिंस के तीन विकेट

कमिंस ने आखिर में लगातार तीन विकेट लेकर रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 18वें ओवर की अंतिम दो गेंदों पर लगातार दो विकेट लिए। पहले महमूदुल्लाह पूल शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए जबकि मेहदी हसन का कैच जम्पा ने लिया। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर कमिंस ने हृदय को आउट करके हैट्रिक पूरी की।

### दुनिया के 7वें गेंदबाज बने

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने इस मैच में हैट्रिक विकेट लिए। यह इस वर्ल्ड कप की पहली हैट्रिक रही। कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दुनिया के 7वें गेंदबाज बने। वहीं कमिंस यह कारनामा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई हैं, उनसे पहले 2007 वर्ल्ड कप में ब्रेट ली ने यह कारनामा किया था। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

कोपा अमेरिका

# अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| अटलांटा

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका फुटबॉल में अपने अभियान का आगाज कनाडा को 2-0 से हराकर किया और दोनों गोल में लियोनेल मेसी ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। मेसी ने 49वें मिनट में जूलियन अल्वारेज को गेंद सौंपी जिन्होंने पहला गोल किया।

इसके बाद 88वें मिनट में लौटारो मार्तिनेज के गोल में सहायक की भूमिका निभाई। अर्जेंटीना 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद लगातार तीसरा बड़ा खिताब जीतने की कोशिश में है। अमेरिका में दूसरी बार दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की यह सबसे बड़ी चैंपियनशिप हो रही है। मेसी का यह 35वां मैच था और उन्होंने चिली के सर्जियो लिविंगस्टोन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1941 से 1953 के बीच 34 कोपा अमेरिका मैच खेले थे।

### यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में पहुंचा स्पेन

गेलसेनकिरचेन। तीन बार की यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने मौजूदा चैंपियन इटली को 1-0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है। वहीं पिछली यूरो चैंपियनशिप में उसे इटली ने सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हराया था। ग्रुप सी के मैच में इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1-1 से ड्रॉ खेला। वहीं सर्बिया और स्लोवेनिया का मैच भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

## पदक जीतने का दबाव ही है प्रेरणा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कहा कि उन पर अपेक्षाओं का दबाव है लेकिन वे इसे झेलने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं। पेरिस ओलंपिक खेल शुरू होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं और भारतीय बैडमिंटन की स्टार जोड़ी ने स्वीकार किया कि उनसे काफी उम्मीदें की जा रही हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ जिओ सिनेमा के एक कार्यक्रम में बात करते हुए सात्विक ने कहा कि वे देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन।** विंबलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विंबलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6-7, 3-6 से हार गए।



ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कॅरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विंबलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6-4, 4-6, 6-4 से मात दी। वहीं टॉमी पॉल ने अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराया।

## ओडिशा सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ 2036 तक बढ़ाया करार

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर


ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने हॉकी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए हॉकी इंडिया के साथ अपना प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ा दिया है। ओडिशा के लिए वर्ष 2036 विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तब उसकी स्थापना के 100 साल पूरे हो जाएंगे। ओडिशा 1936 में स्वतंत्र राज्य बना था।

इस साझेदारी को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, खेल और युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय बैठक में मूर्तरूप दिया गया। टिर्की ने कहा, 'ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और खेल एवं युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज के साथ हमारी सार्थक बैठक हुई। हमने खेलों के विकास और हमारे प्रिय खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की रणनीतियों पर चर्चा की।'



### श्रेयसी सिंह भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में शीर्ष पर रही थी इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गई। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।



ओरजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कसी कमर

# ओलंपिक से पहले चोटों से मुक्त रहने पर जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को लगता है कि पेरिस खेलों में उनकी सफलता उनकी चोटों से मुक्त रहने की क्षमता पर निर्भर करेगी क्योंकि वह इस महासमर की स्नैच स्पर्धा में 90 किग्रा का वजन उठाने का प्रयास करेंगी। चानू 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करती हैं।

उन्होंने कहा कि सात अगस्त को उनकी स्पर्धा तक उनका ध्यान मासंपेशियों को चोटों मुक्त रखने और स्नैच में कम से कम 90 किग्रा का वजन उठाने के लिए तकनीक सुधारने पर लगा है। चानू ने भारतीय खेल प्राधिकरण मीडिया से कहा, 'मेरे लिए चोटों का प्रबंधन और तनाव मुक्त रहना महत्वपूर्ण होगा। मुझे वही चीजें करनी होंगी जिससे मुझे उबरने में मदद मिली। हम खिलाड़ियों के लिए चोटें और दर्द साथी होते हैं। ये कब परेशान करना शुरू कर दें, आपको नहीं पता। हमें इन पर विजय पानी होगी और पेरिस ओलंपिक से पता चलेगा कि मैं खेल के इन पहलुओं को कितना नियंत्रित करने में कामयाब हुई।'

चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं।



**न्यायालय तहसीलदार सिहोरा जिला जबलपुर**

क्रमांक 55/प्रथा तह/2024 — सिहोरा, दिनांक 19/06/2024
रा.प्र.क.0033/बी-121/2024-25

**कृषि भूमि नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा आम ग्राम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री सीतारामजी अवधबिहारी जी मंदिर बुधुआ, तहसील सिहोरा जिला जबलपुर की ग्राम बुधुआ, डाबू, प.ह.नं. 08 एवं भाटादौन प.ह.नं. 07 रा.नि.मंडल खितौला, तहसील सिहोरा में स्थित कृषि भूमि कुल रकवा 22.83 हैक्टे याने 57.075 एकड सिंचित भूमि की नीलामी आगामी एक कृषि वर्ष 2024-25 (दिनांक 01 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक) के लिए किया जाना है।

अत: नीलामी बोली में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक 27/06/2024 दिन गुरुवार को समय प्रात: 11:00 बजे कार्यालय तहसीलदार सिहोरा में उपस्थित होकर नीलामी की विस्तृत शर्तो का अवलोकन कर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं। ध्यान रहे समयावधि समाप्त हो जाने के उपरांत एवं उचित नीलामी बोली न आनें के कारण नीलामी बोली की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

सूचना आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मुद्रा से जारी की गई।

**तहसीलदार, सिहोरा**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ. ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के काष्ठागार जनकपुर में दिनांक 28-06-2024 को नया पुराना सागौन, साल ईमारती काष्ठ / जलाऊ चट्टा का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रात: 10:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है। क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्रं. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | | | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ. मी. | | | नग | घ. मी. | नग | घ. मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | | | 9661 | 697.557 | 7077 | 106.461 |
| 2 | साल | 550.00 | 450 | | | 2512 | 188.686 | 1836 | 49.222 |
| 3 | बीजा | 0.000 | 0 | | | 4 | 0.337 | 4 | 0.205 |
| 4 | हल्दू, मूण्डी, बांस | 0.000 | 0 | | | 6 | 0.254 | 0 | 0 |
| 5 | सत्कठा | 0.000 | 0 | | | 0 | 0 | 11 | 0.318 |
| | योग | 550.000 | 450 | | | 12183 | 886.834 | 8928 | 156.206 |
| 6 | मिश्रित जलाऊ | 400 चट्टा नया | | | | - | | | |
| 7 | सागौन जलाऊ | - | | | | 127 चट्टा पुराना | | | |

टीप :- 1 .ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 10.00 बजे प्रात: में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्ठों की नीलामी की जावेगी । 2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे। 3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2023 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है । 4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई. एम. डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें

G-242500440/4

**वनमण्डलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़, वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़**




## बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में हाई कोर्ट ने दिए निर्देश

# नाबालिग को 24 तक तलाश कर पेश करे जबलपुर पुलिस

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल व न्यायमूर्ति एके सिंह की युगलपीठ ने नाबालिग को तलाश कर पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पुलिस को 24 जून तक का समय दिया है।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता नाबालिग की मां की ओर से अधिवक्ता अक्षय झा व अतुल जैसवानी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता का आरोप है कि एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बंधक बनाए हुए है। इस सिलसिले में इंस्टाग्राम पर नाबालिग के साथ उक्त युवक की पोस्ट की गई फोटो का हवाला भी दिया गया। इसके बावजूद गढ़ा पुलिस ने समुचित कार्रवाई को गति नहीं दी। जिससे परेशान होकर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के जरिये हाई कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

जबलपुर के गढ़ा थाना अंतर्गत शक्ति नगर निवासी महिला की ओर से उक्त बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है। जिसमें कहा गया कि उनकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी सात मई को अचानक लापता हो गई थी। पतासाजी



के बाद नौ मई को उसके गायब होने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया था। इसके बाद लापता बेटी का उसके पास फोन आया था। इतना ही नहीं बेटी के इंस्टाग्राम आईडी से बेटी तथा एक युवक की फोटो अपलोड की गयी थी। इस संबंध में उन्होंने संबंधित थाने व पुलिस अधीक्षक को सूचित किया था। इसके बावजूद पुलिस उसकी बेटी को तलाशने के लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में आरोप है कि फोटो में दिखने वाले लड़के ने उसकी बेटी को बंधक बना रहा है। युवक से उसकी बेटी को जान का खतरा है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किए।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों से रिकवरी नहीं की जा सकती : हाईकोर्ट

**गलत वेतन पुनर्निर्धारण से जुड़ा मामला**

**जबलपुर।** गलत वेतन पुनर्निर्धारण से जुड़े कई मामलों में मप्र हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत के तहत कि वर्षों पहले दी गई अंडरटेकिंग के आधार पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों से रिकवरी नहीं की जा सकती। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने राज्य शासन को निर्देश दिए कि सभी याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरणों का हाईकोर्ट की लार्जर बेंच द्वारा जगदीश प्रसाद दुबे के प्रकरण में दिए फैसले के आधार पर निराकरण करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि कर्मचारियों से रिकवरी कर ली गई है तो उन्हें 6 फीसदी ब्याज के साथ राशि लौटाएं। यह पूरी प्रक्रिया 3 माह के भीतर पूरी करनी है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि अधिकतर कर्मचारी सेवानिवृत्त हैं, इसलिए सरकार फ्रेश पीपीओ जारी कर उनकी पेंशन रिवाइज करें।जबलपुर निवासी सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर शिवचरण पटेल, कटनी निवासी सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर राम बहादुर यादव, नरसिंहपुर के सेवानिवृत्त सलाउद्दीन कुरैशी व अन्य की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उनकी ओर से दलील दी गई कि सरकार द्वारा गलत पे-फिक्सेशन का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता कर्मचारियों पर रिकवरी निकाल दी। दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट ने रफीक मसीह के प्रकरण में स्पष्ट फैसला दिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों से वसूली नहीं की जा सकती।



# सुबह मध्यम बारिश के बाद दिनभर रही उमस

### आज-कल में जिले में सक्रिय होगा मानसून

**जबलपुर।** दक्षिणी पश्चिमि मानसून मध्य प्रदेश में प्रवेश कर चुका है। यहां तक की संभाग के छिंदवाड़ा, मंडला सिवनी और डिंडोरी जिलों में मानसून की दस्तक हो चुकी है। मानसून की आहट से मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह हल्की बारिश हुई और मौसम खुलने पर दिनभर उमस भरी गर्मी परेशान करती रही। मौसम विभाग की मानें तो ये मानसून के पहले की गतिविधियां है, दक्षिण पश्चिमी मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है जिले में आजकल में मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। सुबह हल्की बारिश के बाद लोगों ने राहत महसूस की। लेकिन धूप खिलने के बाद उमस परेशान करती रही। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में गरज चमक के साथ मध्यम वर्षा हो सकती है। बारिश की वजह से तापमान नीचे आ गया लेकिन उमस बरकरार रही। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 97 प्रतिशत और सायंकाल 52 प्रतिशत आंकी गई। दक्षिण पश्चिमी हवायें 3 से 4 किलोमीटर प्रति घंटें की रफ्तार से अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर तड़ित झंझावात के बीच गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की चेतावनी दी है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.3 और न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री रहा। शुक्रवार की सुबह हुई बारिश बारिश 20.3 मिमि दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 29.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## सेवानिवृत्त उपयंत्री वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ प्रदान करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत्त उपयंत्री कोमल सिंह बघेल को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मंडला निवासी कोमल सिंह की ओर से अधिवक्ता शिवेन्द्र सिंह सिसोदिया व विनोद सिसोदिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी एक जुलाई को नोशनल इंक्रीमेंट प्राप्त करने के हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को एक फैसले में व्यवस्था दी है कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारी एक जुलाई से व 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने पर एक जनवरी से इंक्रीमेंट का हकदार है। याचिकाकर्ता 30 जून 2022 को सेवानिवृत्त हुआ था। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार याचिकाकर्ता को भी उक्त लाभ देने के निर्देश दिए।

## सरकार की कृषि पाठ्यक्रम नीति का विरोध

**जबलपुर।**

प्रदेश के दो कृषि विश्वविद्यालयों के साथ मप्र सरकार भेदभाव तथा अन्याय कर रही है। उन्हें सुदृढ़ करने के बजाय प्रदेश सरकार समस्त शासकीय विश्वविद्यालय तथा 18 ऑटोनोमस कॉलेजों में कृषि पाठय़क्रम शुरु कर रही है। यह नीति पूर्णतः गलत है तथा इसका घोर विरोध किया जाएगा। इस आशय का पत्र नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के

## कृषि विवि का अनुदान घटाया, शासकीय कॉलेजों में जोड़ा पाठ्यक्रम

डॉ.पीजी नाजपांडे ने मुख्यमंत्री ड़ॉ मोहन यादव तथा प्रमुख सचिव मप्र उच्च शिक्षा विभाग को भेजा है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि वर्ष 2021 से विक्रम यूनिवर्सिटी तथा बाद में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एवं बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी ने कृषि स्नातक पाठय़क्रम शुरु किया है, लेकिन अभी तक वहां पर आवश्यक अर्हतायें पूरी नहीं की गई है। उन्होंने यह स्थिति जब हाईकोर्ट के समक्ष जनहित याचिका के जरिए रखी तब हाईकोर्ट ने जबलपुर के रादुविवि तथा छिंदवाड़ा के निजी कॉलेज को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह याचिका लंबित है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि जबलपुर कृषि विवि का अनुदान 113 करोड़ से घटाकर 92 करोड़ कर दिया है। वहां के शिक्षकों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। इस स्थिति को सुधारने के बजाय जगह-जगह कृषि पाठय़क्रम शुरु करने से कृषि बेरोजगारों की नई फौज खड़ी होगी।

## स्टेट बार भवन निर्माण के लिए करेंगे हरसंभव सहायताः लोक निर्माण मंत्री

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भरोसा दिलाया कि वे स्टेट बार के नवीन भवन के निर्माण के लिए हर संभव सहायता करेंगे। उन्होंने स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष अधिवक्ता जीएस ठाकुर व अभय सिंह सहित अन्य से मुलाकात के दौरान यह बात कही। साथ ही आश्वस्त किया कि वे मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के संज्ञान में भी यह बिंदु लाएंगे। ऐसा इसलिए ताकि मप्र के एक लाख से अधिक वकीलों का पंजीयन करने वाली सर्वोच्च संस्था का नवीन भवन गरिमामय तरीके से निर्मित हो सके। स्टेट बार के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि स्टेट बार के चेयरमैन पद पर आसीन होने के साथ ही राधेलाल गुप्ता ने नवीन भवन में वकीलों के लिए 400 चेम्बर निर्माण की दिशा में प्राथमिकता से प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी सिलसिले में लोक निर्माण मंत्री से चर्चा की गई। शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी।




## रेस्टोरेंट में भड़की आग लाखों का नुकसान

**जबलपुर।** गर्मी मे लगातार अग्नि दुर्घटनाएं हो रही हैं। शुक्रवार की सुबह पुराना हाऊबाग रेलवे स्टेशन मार्ग पर चौथा पुल स्थित एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा रेस्टोरेंट आग की चपेट में आ गया और उसमें रखा फर्नीचर व खाद्य सामग्री जलकर खाक हो गई। इस हादसे में करीब 2 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा हैं। घटना के संबंध में नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह पुराना हाऊबाग रेलवे स्टेशन मार्ग चौथा पुल स्थित जायका रेस्टोरेंट आग की चपेट मे आ गगई। आग मे रेस्टोरेंट में रखा फर्नीचर व अन्य सामाग्री जलकर खाक हो गया। राहत की बात यह रही की घटना मे किसी तरह की जनहानी नही हुई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का खुलासा नही हो सका है। फायरमैन अजय श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10 बजे सूचना मिली थी कि हाऊबाग स्टेशन रोड स्थित जायका रेस्टोरेंट में आग लग गई है। तत्काल एक फोम टेंडर, वॉटर बाउजर और एक टेंकर को दल के साथ रवाना किया गया। रेस्टोरेंट में धुंआ निकलने का स्थान नहीं होने के चलते दमकल कर्मियों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि स्पेशल मॉस्क के सहारे दमकल कर्मी अंदर प्रवेश कर गए और आग को पूरी तरह बुझा दिया। वहीं आग किन कारणों के चलते लगी इसकी भी जांच की जा रही है।

## शराब की तस्करी में नाबालिग गिरफ्तार, साथी फरार

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम खैरी में एक 16 साल का नाबालिग किशोर अवैध शराब की तस्करी में लिप्त पाया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 300 पाव देशी शराब और एक्सिस वाहन जब्त कर लिया है। मौके से उसका साथी फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी श्रीमति पूर्वा चौरसिया ने बताया कि गत दिवस एक 16 वर्षीय बालक अपने साथी अमित सिंह के साथ एक बिना नंबर की एक्सिस वाहन में शराब रखकर अंधमूक बाईपास की ओर से शहपुरा की ओर शराब बेचने के लिए जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्राम खैरी में दबिश दी जहां पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे जिससे उनकी एक्सिस वाहन खेत में जा घुसी। इसी दौरान पीछे बैठा आरोपी अमित सिंह मौके से फरार हो गया और 16 वर्षीय बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 पाव देशी शराब और एक्सिस वाहन जब्त कर ली। शराब के संबंध में पूछताछ करने पर शराब अंधमूक बाईपास से अज्ञात व्यक्ति से शराब लेकर एक्सिस वाहन में अमित सिंह के साथ शहपुरा बेचने जाने की बात स्वीकार की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240